हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025



# घास जमीन की आड़ में शासन को लगाया लाखों का चूना, मल्टीप्लैक्स को अनुमति देने में राजस्व, टाउन प्लानिंग-निगम ने मिलकर किया खेल

## 30 मीटर सड़क को 45 मीटर की बताकर अनुमति देने का आरोप, निगम अफसर भी शक के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नंदई इलाके में निर्माणाधीन मल्टीप्लैक्स को अनुज्ञा देने के मामले में निगम, राजस्व एवं टाउन प्लानिंग के अफसरों द्वारा जमकर गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। व्यापारी को फायदा दिलाने के लिए निगम ने जहां भवन अनुज्ञा देने में खेल किया है। वहीं राजस्व एवं टाउन प्लानिंग ने भी अनुमति देने के लिए कई नियमों को अनदेखा कर दिया। इतना ही नहीं जमीन के पंजीयन में भी घास जमीन को दर्शाकर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाने का काम हुआ है। हालांकि इस मामले में अब शासन से शिकायत कर दी गई है।

### सड़क की बजाय दिखाई घास

शिकायत में यह भी कहा गया कि नियमानुसार मल्टीप्लैक्स के लिए पंजीकृत की गई भूमि में अधिक पंजीयन शुल्क लगना था, लेकिन राजस्व महकमे के साथ मिलीभगत कर व्यापारी ने सड़क को दर्शाने की जगह सरकारी घास भूमि दिखाकर अपनी भीतरी जमीन का पंजीयन कराया। राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अफसरों ने मिसल रिकार्ड में भी कई हेरफेर किए हैं। जिससे लाखों रुपए का पंजीयन शुल्क का नुकसान सीधे शासन को हुआ।



### डेवलपमेंट चार्ज में गड़बड़ी!

नगर निगम शहर में बनने वाले सभी प्रकार के निर्माण को अनुमति देने से पहले एक तय शुल्क लेता है। सूत्रों की माने तो इस मामले में भी निगम के अफसरों ने व्यापारी को डेवलपमेंट चार्ज को लेकर एक नोटिस जारी की थी, लेकिन जिस दर के अनुसार नोटिस दी गई थी, उससे कम राशि लेकर अनुज्ञा जारी कर दी गई। इस मामले में भी निगम के अफसरों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

### ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन अनुमति

मल्टीप्लैक्स को अनुमति देने के मामले में टाउन प्लानिंग विभाग की भी बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। बताया गया कि जिस समय इस मल्टीप्लैक्स को लेकर अनुमति दी गई, उस दौरान ऑनलाइन अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, परन्तु अपने फायदे के लिए अफसरों ने ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन अनुमति जारी की। बताया गया कि इस अनुमति में प्रस्तावित 30 मीटर सड़क की जगह 45 मीटर की सड़क को बताकर अनुज्ञा जारी हुई है। ज्ञात हो कि 45 मीटर से कम चौड़ी सड़क होने पर मल्टीप्लैक्स के लिए अनुमति नहीं मिलती है।

दरअसल नंदई में बन रहे मल्टीप्लैक्स को लेकर रायपुर की महिला वकील दमयंती मंडल ने प्रदेश सरकार से लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि शहर के गंज लाइन निवासी मनोज माहेश्वरी द्वारा 0.437 हेक्टेयर में बनाए जा रहे इस मल्टीप्लैक्स को अनुमति देने में राजस्व, निगम एवं टाउन प्लानिंग विभाग ने मिलकर जमकर मनमानी की है। अफसरों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी बात यह है कि घास जमीन होने पर भी कलेक्टर के साथ ही नजूल विभाग से अनुमति ली जानी होती है, परन्तु ऐसा नहीं किया गया। इस मामले में टाउन प्लानिंग विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज आएंगे



खैरागढ़। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ऑक्टेव-25 का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर करेंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर की निदेशक आस्था कार्लेकर होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ कल 21 मार्च की शाम 5.30 बजे अतिथियों के कर कमलों से किया जाएगा।

तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले शाम 4 बजे से विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वोत्तर राज्यों की आकर्षक एवं उपयोगी हस्तशिल्पों के साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया जाएगा। जिसका आनंद आम नागरिक ले सकते हैं।

---

### एक हेक्टेयर धान की खेती में लग रहा 80 लाख लीटर पानी, इतना चार सौ लोग सालभर में करते हैं उपयोग

# इसलिए बढ़ रहा जलसंकटः वाटर रिचार्ज की दिशा में कोई काम नहीं, जितना पानी उससे तीन गुना अधिक उपयोग!

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जलसंकट की आहट इस बार मार्च के शुरूआती दिनों से ही होने लगी है। शहर से लेकर गांव तक लोग हर एक बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। छोटी नदी-नालों में भी जलभराव की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में जलाशयों से पानी मंगाकर लोगों की प्यास बुझाने का काम प्रशासन को करना पड़ रहा है। जलसंकट की इस स्थिति के पीछे बहुत से कारण हैं, लेकिन सबसे अहम कारण जितना पानी हम उपयोग कर रहे हैं, उसके मुकाबले वाटर रिचार्ज यानि जल पुनर्भरण की दिशा में काम नहीं करना है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 85 फीसदी पानी खेती के लिए उपयोग होता है। ऐसे ही 13 प्रतिशत पानी का उपयोग फैक्ट्रियों द्वारा किया जा रहा है। केवल दो फीसदी पानी का उपयोग ही पेयजल के लिए होता है। जिले में इंडस्ट्रीज से लेकर खेती में गर्मी के दिनों में बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग तो लगातार हो रहा है, लेकिन जलस्तर बढ़ाने या उसे मजबूत बनाए रखने की दिशा में काई पहल नहीं हो रही है। यही कारण है कि लगातार जिले के अधिकांश इलाकों में जलस्तर घटते ही चले जा रहा है। वहीं पानी का सबसे अधिक उपयोग खेती के लिए होता है। रबी सीजन में धान की खेती का रकबा बढ़ना भी जलस्तर के कम होने का एक महत्वपूर्ण कारण है। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो रबी सीजन में एक हेक्टेयर धान की खेती के लिए किसानों द्वारा लगभग 80 लाख लीटर पानी का उपयोग किया जाता है। यह मात्रा कितनी है, यह इससे समझा जा सकता है कि जितना पानी एक हेक्टेयर धान की फसल में लगता है, उतने पानी का उपयोग चार हजार लोग बड़े ही आराम से सालभर करते हैं। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि मौजूदा वक्त में जिले के हर गांव में औसतन 10 से 12 हेक्टेयर रकबे में धान की फसल ली जा रही है। ऐसे में हर एक गांव के किसानों द्वारा लगभग 50 हजार लोगों के उपयोग का पानी केवल धान के लिए इस्तेमाल कर लिया जा रहा है। यही कारण है कि आज जिले के अधिकांश इलाकों में जलस्तर घटते ही जा रहा है।



### कुछ को मुनाफा, बाकी प्रभावित

रबी सीजन में बड़ी संख्या में किसानों द्वारा अन्य फसल ली जाती है। हर गांव में 10 से 15 फीसदी किसान ही धान की खेती करते हैं, लेकिन इन 10 से 15 फीसदी किसानों के मुनाफे के चक्कर में पूरा गांव प्रभावित हो रहा है। यदि जिले में किसान रबी सीजन में अन्य फसल को महत्व देना शुरू कर देंगे तो आने वाले कुछ सालों में ही जलसंकट की यह स्थिति बिल्कुल समाप्त हो सकती है।

### सूखने लगे हैंडपंप, कई गांव परेशान

जलस्तर घटने का सीधा असर ग्रामीण इलाकों में लगे हैंडपंपों में देखने को मिल रहा है। अभी गर्मी के दिन ठीक से शुरू भी नहीं हुआ है और अभी से ही जिले में सवा दो सौ हैंडपंप से पानी आना बंद हो गया है। एक अनुमान के मुताबिक गर्मी के चरम पर आने के बाद यह संख्या तीन हजार तक पहुंच सकती है। जिले में लगभग 9 हजार हैंडपंप है। इनमें यदि तीन हजार हैंडपंप सूख जाएंगे तो ग्रामीण इलाकों में स्थिति और बिगड़ सकती है।

### 300 फीट पहुंचा जलस्तर

जिले में कभी औसतन जलस्तर सौ फीट से भी कम हुआ करता था, लेकिन अब लगातार पानी के बढ़ते उपयोग के चलते जलस्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ा है। जिले में इस समय औसतन जलस्तर तीन सौ फीट के करीब पहुंच गया है, यह इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों में भी जलस्तर घटने लगा है। यही स्थिति रही तो आने वाले सालों में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है।

### वाटर रिचार्ज करना जरूरी

किसी भी इलाके में जितना पानी उपलब्ध होता है, यदि उससे अधिक उपयोग कर लिया जाए तो उस इलाके का जलस्तर घटता चला जाता है। जिले में पिछले कुछ सालों से किसान, इंडस्ट्रीज के साथ ही आम लोगों द्वारा भी जलस्तर बढ़ाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। यही कारण है लगातार जलस्तर घट रहा है।

### तीन गुना पानी ले रहे किसान

प्रधानमंत्री जलजीवन मिशन के मापदंड के अनुसार ग्रामीण इलाकों में हर व्यक्ति रोजाना लगभग 55 लीटर एवं शहरी इलाके में लगभग 125 लीटर पानी का उपयोग करता है। ऐसे में एक साल में एक व्यक्ति द्वारा लगभग 20 से 30 हजार लीटर पानी का उपयोग किया जाता है। जिले की आबादी लगभग 9 लाख है। ऐसे में लगभग 2400 करोड़ लीटर पानी जिले को सालाना उपयोग के लिए चाहिए। वहीं एक हेक्टेयर खेती के लिए लगभग 80 लाख लीटर पानी लगता है। इस बार जिले में करीबन छह हजार हेक्टेयर में धान की खेती हो रही है, इस हिसाब से धान के लिए ही किसानों द्वारा 4800 करोड़ लीटर पानी का उपयोग किया जा रहा है। यही कारण है कि पेयजल एवं निस्तारी के लिए भी पानी की कमी शहर सहित गांव तक होने लगी है।

---

## नाबालिग को भगा कर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सोमनी थाना में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 फरवरी को कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग पुत्री को भगाकर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सोमनी में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

इस मामले में सोमनी पुलिस का टीम गठित कर अपहृत बालिका का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान अपहृता के ग्राम ठाकुरटोला में होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम ठाकुरटोला रवाना कर अपहृता को आरोपी अमित कुमार मौर्य के कब्जे से बरामद कर पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, जो अपने कथन में बताई कि आरोपी अमित कुमार मौर्य द्वारा पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर नागपुर भगाकर ले गया था, जहां आरोपी पीड़िता का लगातार शारीरिक शोषण किया है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी अमित कुमार मौर्य 21 साल निवासी ग्राम ठाकुरटोला से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। प्रयुक्त बाइक डिस्कवर बिना नंबर वाला को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशिल रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में सत्यनारायण देवांगन, माया सिंह, हेमंत अनंत, बेनु नेताम, चंद्रप्रकाश हरमुख, सहबाज सिद्धिकी, ममता टोप्पो योगदान रहा है।

## एम्बुलेंस से टकराई कार में लगी आग

■ देर रात हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेजेस अस्पताल से किडनी पीड़ित मरीज को रायपुर ले जा रही एक एम्बुलेंस को पीछे चल रही तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। इस हादसे से कार में आग लग गई और कार पूरी तरह से जल गई। मामले की सूचना मिलने पर सोमनी पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से कार में लगी आग को बुझाया।

जिले के सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात लगभग 11.30 बजे तेज रफ्तार कार ने सामने चल रही एम्बुलेंस को पीछे से ठोकर मार दी। इसके बाद चंद मिनट में ही कार आग की लपटों से घिर गई और देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी।



### कोई घायल नहीं

कार चालक राजनांदगांव की ओर से दुर्ग की ओर जा रहा था। गनीमत रही कि इस हादसे में कार सवार व्यक्ति को गंभीर चोंट नहीं आई। एम्बुलेंस से कार के टकराते ही स्पार्किंग हुई और कार में आग लग गई।

### एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त

बुधवार की रात लगभग 11 बजे एम्बुलेंस के माध्यम से एक किडनी फेल मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव से रायपुर के लिए रेफर किया गया था। इस दौरान मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस संस्कार सिटी स्कूल मोड़ के पास पहुंची थी कि पीछे चल रही कार ने एम्बुलेंस को टक्कर मार दी। इस टक्कर से एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई।

### ऑक्सीजन पाइप फटा

कार की टक्कर लगने से एम्बुलेंस का ऑक्सीजन पाईप फट गया। जिससे मरीज की जान पर बन आई। मौके पर पहुंची सोमनी पुलिस ने तत्परता दिखाई और तत्काल दूसरे एम्बुलेंस के लिए सूचित किया और मौके पर पहुंची दूसरी एम्बुलेंस में मरीज को डालकर रायपुर के लिए रवाना किया गया।

### सोमनी थाना में मामला दर्ज

इधर आज सुबह 108 एम्बुलेंस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक व दुर्घटना करने वाले कार चालक के खिलाफ सोमानी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है।

### तीन साल में दर्जनभर वारदात, पकड़ाया आरोपी

## यूट्यूब से सीखा चोरी करना फायर गन से तोड़ता था ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों होली पर्व के अवसर पर हुई एक चोरी की घटना की छानबीन करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी यूट्यूब से चोरी करने के तरीके सीखकर वारदात को अंजाम देता था।

शहर के चिखली दीनदयाल कॉलोनी के एक घर में हुई चोरी की वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शहर के जीवन कॉलोनी निवासी राजू माईकल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। शुरूआती पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा। वहीं कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी राजू माईकल ने पुलिस को बताया कि बीते 14 मार्च को चिखली दीनदयाल नगर स्थित मकान से किए गए सोने-चांदी के जेवर को संतोष उर्फ बाबू सोनी ने उसे बिक्री रकम 2 लाख रुपए दिया था। जिससे वो 03 स्मार्ट फोन, लैपटाप, टीव्ही व घरेलू सामान लेने में खर्च किया है तथा चांदी की दो पायल, करधन, चांदी का सिक्का 03 नग आलमारी में रखा है एवं वर्ष 2022 से कुल चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरों का बचत बिक्री रकम में से कुल 1 लाख 50 हजार रुपए है।



### सोना-चांदी सहित नगदी बरामद

आरोपी द्वारा चोरी किए गए सोने का जेवरात व सोने का डल्ला 156 ग्राम कीमती 10 लाख 50 हजार, 01 किलो चांदी का अलग टुकड़ा व डल्ला एवं चांदी के जेवरात कीमती 1 लाख 80 हजार तथा नगदी रकम 1 लाख 50 हजार, इलेक्ट्रानिक सामान व स्कूटी जुमला कीमती 2 लाख रुपए सहित कुल कीमत 14 लाख रुपए जब्त किया गया है।

### चोरी के बाद बदलता था कपड़े

चोरी के बाद घटनास्थल से हटकर वह अन्य जगहों पर छुप जाता था और अपने कपड़े व हुलिया बदलकर निकलता था। इसके बाद लगभग चार-पांच घंटे घर नहीं जाता था और इधर-उधर घूमता रहता था।

### सोनार भी गिरफ्तार

आरोपी द्वारा चोरी किए गए सोने और चांदी के गहनों को गलाने के लिए भी फायर गन की मदद ली जाती थी। वहीं चोरी के गहने वह शहर के ब्राह्मणपारा निवासी सोनार संतोष सोनी उर्फ बाबू के पास 50 प्रतिशत में बेचता था। इस मामले में संतोष सोनी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### प्रार्थी ने लिखाई रिपोर्ट

प्रार्थी कन्हैयालाल यादव निवासी दीनदयालनगर चिखली ने पुलिस चौकी चिखली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 मार्च 25 को सुबह घर में ताला लगाकर सपरिवार अपने पैतृक ग्राम सिरपुर होली मनाने गया था और 15 मार्च को सुबह घर आया तो देखा कि कोई अज्ञात चोर रात्रि में ताला तोड़कर घर में घुसकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।

**कुंडी वाला हिस्सा जलाता था :** पुलिस के अनुसार आरोपी ने चोरी का तरीका यूट्यूब से सीखा है। चोरी करने के लिए वह सोनार द्वारा उपयोग की जाने वाली गैस फायर गन का इस्तेमाल करता था। इस फायर गन की मदद से वह दरवाजे की कुंडी वाले हिस्से को जलाने के साथ ही तालों को तोड़ता था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के पैसे से खरीदे गए लैपटॉप, मोटर साइकिल, महंगी घड़ियों को जब्त किया है। वहीं चोरी में इस्तेमाल की जाने वाले औजार प्लास, पाना, पेंचकश, गैस सिलेंडर, फायरगन, कटर, सब्बल, हथौड़ी को उसके बताए अनुसार चिखली पुलिस द्वारा जब्त किया गया है।

---

### आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल, जिम्मेदार मौन

# होटल-ढाबों में शराब की अवैध बिक्री, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लगे हुए बाहरी इलाकों में स्थित होटल एवं ढाबों में खुलकर शराबखोरी का काम चल रहा है। होटल एवं ढाबा संचालक न केवल ग्राहकों को शराब उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि उन्हें बैठाकर चखना परोसने का काम भी कर रहे हैं।

सुत्रों की माने तो होटल एवं ढाबा संचालकों को बड़ी मात्रा में शराब भी उपलब्ध हो रही है। ऐसे में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी कोचियों से सांठगांठ के आरोप आबकारी विभाग पर लगते रहे हैं।

**खास बातें**

- शराब के साथ ही चखना भी उपलब्ध करा रहे ढाबा संचालक
- पड़ोसी राज्यों से भी आ रही शराब मॉनिटरिंग की कमी के चलते नहीं हो रही कार्रवाई



### आबकारी विभाग मौन

जिले की लगभग सभी शराब दुकानों से कोचियों को बड़े ही आसानी से शराब की पेटियां मिल रही है। यही कारण है कि होटल, ढाबों से लेकर गांवों में भी शराब की अवैध बिक्री पर रोकथाम नहीं लग पा रही है। आबकारी विभाग के अफसरों से लेकर कर्मचारियों पर भी कोचियों से सांठ गांठ के लगातार आरोप भी लग रहे हैं। जिसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई अब तक जिले में नहीं हुई है।

### अब 24 पौवा रखने की अनुमति, कोचियों को फायदा

प्रदेश सरकार ने नई शराब नीति के तहत अब एक व्यक्ति के शराब खरीदने की लिमिट 24 पौवा कर दी गई है। इस लिमिट तक हर व्यक्ति शराब खरीद सकता है। इस बदलाव का सीधा फायदा कोचियों को मिलेगा। जिसके चलते पुलिस के कोचियों खिलाफ जारी अभियान पर असर दिखेगा।

### पेंड्री इलाके में शिकायत अधिक

शहर से लगे हुए पेंड्री इलाके में स्थित आधा दर्जन ढाबों में शराब पिलाए जाने की शिकायत सामने आई है। इनमें दो ढाबा संचालक के खिलाफ बीते दिनों लालबाग पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। हालांकि अधिकांश ढाबा संचालक बिना किसी रूकावट के शराब परोसने का काम कर रहे हैं, जिनके खिलाफ सख्त एक्शन देखने को नहीं मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### बगदई में श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन



**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत बगदई में निषाद समाज द्वारा प्रस्तावित श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन सरपंच कुलदीप सिंह ठाकुर एवं उपसरपंच टीकम निषाद ने किया। निषाद समाज के जिला महासचिव टीकम निषाद के उपसरपंच बनने पर सर्वप्रथम श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के दौरान पंच अतेश्वरी ठाकुर, लाला पटेल, भूपेन्द्र निषाद, मनीषा निषाद, डिलेश्वरी पटेल, शशि साहू, सीता दुबे, रामबाई साहू, ईश्वरीबाई पटेल, पूर्णिमाबाई पटेल, कृपाराम निषाद, दिलीप दुबे, अगेस पटेल, राजकुमार पटेल, होरीलाल पटेल, सरजू निषाद, कोमल निषाद, ज्ञानेश्वर पटेल, प्रेम पटेल, जीवन पटेल, गिरधारी निषाद, खेला निषाद, डाकवर निषाद, रामभरोस पटेल, फुलदास साहू, रोमन आदि उपस्थित थे।

### छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के इतिहास विभाग के छात्रों ने प्राध्यापक डॉ पदमनी सिन्हा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने धमधा स्थित महामाया मंदिर, बूढ़ादेव मंदिर, प्राचीन किला, चौखड़िया तालाब, कुकुरचब्बा मंदिर, भानपुर कलश मंदिर, कबीर पंथ चांचवा और तिलुरघाट के चतुर्भुजी मंदिर आदि का भ्रमण किया। छात्रों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने इस भ्रमण की अनुमति दी थी।

### महिला भवन का लोकार्पण



**छुरिया।** खोभा में ज्योति एवं आंचल ग्राम संगठन के भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य बीरमबाई मंडावी, जनपद सदस्य राधिका चंद्रवंशी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की र पूजा और राजकीय गीत से हुई। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि सशक्त महिलाएं सशक्त समाज का आधार है। समाज तभी प्रगति करेगा जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंडावी, श्रीमती चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राजेश्वर धुर्वे, नैनसिंह पटेल, मायाराम साहू, देवदास साहू, रामकुमार मंडावी, खेमदास साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रसिका ने किया।

### किसानों का पंजीयन 25 तक

**डोंगरगांव।** किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब उन्ही किसानों को मिलेगा जिनका पंजीयन होगा। मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार ने किसान रजिस्ट्री कार्ड 2025 का पंजीयन प्रारंभ किया है जिसमें सभी किसानों को पंजीयन कराना आवश्यक है किसान सीएससी, चॉइस सेंन्टर से पंजीयन करा सकते है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि की अगली किस्त केवल उन किसानों को मिलेगी जिनका पंजीयन होगा। भविष्य में धान, खाद, बीज वितरण आदि का लाभ भी पंजीकृत किसानों को प्रदान किया जाएगा। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, . आधार लिंक्ड मोबाईल नंबर, ऋण पुस्तिका, बी वन, पी टू आवश्यक है।

### जवानों ने बांटी उपयोगी सामग्री



**मानपुर।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सामरिक मुख्यालय पानाबरस ने ग्राम कनेरी में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीबीपी के सहायक सेनानी संतोष कुमार चौधरी, सरपंच सुशीला बोगा और पूर्व सरपंच सरजू राणा की उपस्थिति में ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सामग्री वितरित किया गया जिसमें गैंती, फावड़ा, खुरपी, छाता, मच्छरदानी, बच्चों को साइकिल और महिलाओं के लिए घरेलू बर्तन शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि संतोष चौधरी ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने शराब, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

### यादव परिचय सम्मेलन 25 को

**मानपुर।** कोसरिया यादव महासभा ने आगामी 25 मार्च को युवक-युवती, विधवा- विधुर तथा परित्यक्ता परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। कार्यक्रम में एमएमसी, राजनांदगांव, दुर्ग, केसीजी, बालोद एवं कांकेर सहित अन्य जिलों के युवक-युवती आदि भाग लेंगे। जिला गठन के बाद प्रथम गीता जयंती एवं महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर समाज में भारी उत्साह है। इस दौरान कक्षा 10 वीं तथा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण बच्चे सहित खेलकूद, हस्तकला, सांस्कृतिक, राजनीतिक आदि क्षेत्रों में योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। महाधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष बोधन यादव सहित अन्य शामिल होंगे। यादव समाज के संरक्षक दुखीराम, टेटकूराम, बाबूलाल, विष्णुराम, ईश्वर यादव, बल्दूराम यादव, होरीलाल यादव, धनेसराम यादव, साधना यादव, बिंदु यादव, दिनेश यादव, राधेश्याम यादव, भागीरथ यादव तथा यादवराम यादव की उपस्थिति रहेगी।

### पालकों की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन डॉ काव्या जैन ने किया। बैठक में तीनों संकाय के छात्र-छात्राओं के अभिभावक को आमंत्रित किया गया। बैठक में प्राचार्य डॉ ठाकुर ने अभिभावकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अनुशासन, विभिन्न गतिविधियां, मोबाईल के कम उपयोग आदि विषयों पर चर्चा की। पालकों को बच्चों के संबंध में जानकारी दी गई। पालकों ने तीनों संकाय के शिक्षकों से चर्चा किया। इस दौरान हरवंश चोरगे, सरोजनी वर्मा, डॉ संजू सिंह, ओमप्रकाश सहारे, डॉ काव्या जैन, शुभी जैन के अलावा लक्ष्मी यादव, पूजा भूआर्य, प्रिया सोनकर, सरस्वती, पूजा धनकर, मुरली साहू, टोकेश कुमार, रूपेश, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित थे। अंत में शुभी जैन ने आभार व्यक्त किया।




## श्रद्धा के साथ गांवों में लोगों ने मनाया बलिदान दिवस

# रानी अवंतीबाई के बलिदान को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया


क्षेत्र में गुरूवार को 1857 की क्रांति में वीर गति को प्राप्त वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। सड़क अतरिया में लोधी समाज एवं ग्रामीणों द्वारा रैली निकाल कर रानी के शौर्य का बखान किया गया। तत्पश्चात प्रतिमा की पूजा अर्चना कर नमन किया गया।

इस मौके पर मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल ने वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कविता जंघेल, देव कुमार जंघेल, रतन जंघेल, बैजूराम, रत्तीराम, गजराज, अजय जंघेल, मनोज जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, ओम प्रकाश, हेमंत जंघेल, मुकेश जंघेल, परस राम अन्य मौजूद थे। चकनार नर्मदा में लोधी समाज एवं ग्रामीणों द्वारा बलिदान दिवस पर कलश यात्रा निकाला गया। यात्रा चकनार से दो किलोमीटर सफर तय कर नर्मदा पहुंची। इसके पश्चात नर्मदा स्थित अवंती चौक में प्रतिमा की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया गया। समाज प्रमुख ने रानी के जीवन पर प्रकाश डालकर नमन किया।

लोधेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में गंड़ई लोधी समाज सर्किल अध्यक्ष डेरालाल मस्खरे, मिनेश जंघेल, रमेश जंघेल, प्रकाश जंघेल, खेलन जंघेल, आत्मा जंघेल, तिलक जंघेल, राहुल सिंह जंघेल, महेंद्र जंघेल, नोपाल जंघेल, कुंदन जंघेल, अनिकेत जंघेल, रवि जंघेल, शिव जंघेल, भानु जंघेल, डीपेश जंघेल, रूपलाल जंघेल, चर्तुभुज जंघेल, पोलेन्द्र जंघेल, विक्की जंघेल, जितेन्द्र जंघेल, तारण जंघेल, आकेश जंघेल, लीला जंघेल, डोगेन्द्र जंघेल, कोमल जंघेल, डोमर जंघेल, शुभम जंघेल, दुर्जन जंघेल, महावीर वर्मा, कामदेव जंघेल, संत कुमार, लक्ष्मीकांत जंघेल अन्य शामिल हुए। इसी प्रकार घिरघोली, गभरा, बेलगांव, ओटेबंद, संड़ी सहित अन्य गांव में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया।







### वीरता को किया नमन

बलिदान दिवस के मौके पर ग्राम महाराटोला में समाज एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजिक जन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वीरांगना की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया गया। वही अतिथियों ने रानी की वीरता और साहस को स्मरण कर नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, तीरथ चंदेल, उत्तम जंघेल, नंद चंदेल, अशोक जंघेल, नंद बाबा, दशमत जंघेल, रोहित जंघेल, ज्योति जंघेल, श्रवण, दुष्यंत जंघेल, अवध जंघेल, कैलाश वर्मा, हर्ष वर्मा आदि मौजूद थे।

### रानी का लगाया जयकारा

झुरानदी में लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। सुबह ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाला जो जयकारा लगाते हुए गांव के प्रमुख मार्ग से होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां वीरांगना की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर नमन किया गया। अतिथियों ने वीरांगना के शौर्य एवं पराक्रम से भरे जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, तीरथ चंदेल, नंद बाबा चंदेल, उत्तम जंघेल, नंद जंघेल, दशमत जंघेल, निर्मला विजय वर्मा, पुष्पा प्रकाश वर्मा, राजू जंघेल, अवध जंघेल, स्वरूप वर्मा, अशोक जंघेल, नेता जी जंघेल, ज्योति जंघेल, होमेश्वरी वैष्णव, राजकुमार जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, नेतराम जंघेल, हर्ष वर्धन वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, श्रवण जंघेल, कमलेश चंदेल शामिल हुए।

### अवंतीबाई के शौर्य को किया याद

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक श्री वर्मा ने नारी सशक्तिकरण की प्रतीक वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य और साहस की विस्तार से जानकारी दी। प्राध्यापक गावस्कर कौशिक ने 1857 के स्वाधीनता संग्राम की महानायिका की वीरगाथा को उपस्थित विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया। सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार प्रमिला ने विद्यार्थियों को रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य और साहस को अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी।प्राचार्य डॉक्टर डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक बीआर वर्मा, शेषराम गोरे, ग्रंथपाल हेमंत मिश्रा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओमप्रकाश कौशिक ने किया।



### अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने बलिदान दिवस के अवसर पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के अद्वितीय त्याग, शौर्य और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेला स्थल पर स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन कभी भी उन्होंने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। इस मौके पर भगवती वर्मा, शिव वर्मा, राजेंद्र वर्मा, कृष्ण वर्मा, विश्राम वर्मा, धनेश्वर वर्मा, गिरीश वर्मा, लोचन वर्मा, चन्द्रिका वर्मा, मेघराज लोधी, नयन लोधी, हुमेश वर्मा, लिकेश वर्मा आदि ने रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को नमन किया।



# महा प्रदर्शन में शामिल हुए जिले के पदाधिकारी




**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने पदोन्नति में आरक्षण नियम लागू करने, प्राचार्य पदोन्नति में रोस्टर नियम के साथ सूची निकलने एवं अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए रायपुर में रैली निकालकर मंत्रालय तक गए।

कर्मचारियों की महारैली को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया किन्तु अजजा संघ के अधिकारी एवं कर्मचारी नहीं रुके। आंदोलन में सेवा से पृथक बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक भी शामिल हुए। अनुसूचित जाति , जनजाति के कर्मचारी 50 प्रतिशत वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासक जब विपक्ष में थे तब उन्होने आरक्षण खत्म नहीं होने की बात कहते हुए संघ को समर्थन दिया था। अब शासन में होने के बाद ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह खुशरो के नेतृत्व में संजीव कुमार ध्रुव, संतोष नेताम, सुरेश भंडारी, अश्वनी धुर्वे, पुरन ठाकुर, तारन धुर्वे, मोहित ध्रुव, प्रेमलाल मरावी, संतोष नेताम, शिवचरण सिंह खुशरो, प्रहलाद सिंह खुशरो, नरेश खुशरो, लालाराम मरावी, संजय कुमार ध्रुवा, दौवाराम शोरी, इंद्रा चंद्रवंशी, विशालसिंह ठाकुर, जयंत्री मंडावी, गिरिजा ठाकुर, हरि प्रसाद चंद्रवंशी, प्रकाश मंडावी, जगदीश पंचकपाट आदि शामिल हुए।

# जल संकट के बीच व्यर्थ बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गर्मी बढ़ने के साथ नगर के नदी,नाले,कुए सूखने लगे हैं। बोर फेल हो रहे हैं। नगर में जल संकट गहराने लगा है वहीं दूसरी ओर पानी को लेकर नगर पंचायत की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। नगर में लगाए सार्वजनिक नलों में टोटियां नहीं होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहते हुए नालियों में चला जाता है। शहर में ऐसे भी निजी नल कनेक्शन है जिसमे टोटियां नही है जिसके कारण पानी की लगातार बर्बादी हो रही है। पानी की बर्बादी ऐसे ही होते रही तो वह दिन दूर नही जब गंडई नगर का हाल राजनाँदगांव शहर जैसे हो जाएंगे। नगर के लोगों को भी एक दिन के अंतराल में नल से पानी मिलेगा।

गंडई सहित आसपास क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धान की दोहरी फसल लगाया गया जिसमें पानी की अत्याधिक खपत हो रही है जिसके कारण गंडई नगर सहित आसपास के ग्रामो में जल समस्या उत्पन्न होने लगी है। नदी, तालाब सूख गए है। भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। पूर्व में कराएं गए सभी बोर फेल होने लगे है। इस संकट के पीछे जिले के उच्च अधिकारियों की नाकामी सामने आ रही है जिन्होंने समय रहते धान की दोहरी फसल लगाने से किसानों को रोका नहीं।

## जल संरक्षण पर जोर



### लगाया जाएगा टोटी

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि जल्द ही सभी नलों में टोटियां लगवाया जाएगा। पार्षद, मोहल्लेवासियों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा। नलों में मोटर पम्प लगाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। हर संभव जल संरक्षण का प्रयास किया जाएगा।

### पानी बचाने की मांग

नगर के व्यापारी जैकी सिंघानिया ,मदन सोनी ने बताया कि नगर के सार्वजनिक नलों से टोटियां गायब हो गई है जिसके कारण पानी व्यर्थ बहता है। नगर में जल संकट गहराने लगा है। कुए सूख गए है और बोर फेल हो रहे है, ऐसे में नलों में टोटियां लगाकर जल संरक्षण का प्रयास किया जाना चाहिए।

### निजी नल में पंप का उपयोग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंडई नगर में सभी घर पक्के बन गए है। अधिकांश लोगों ने अपने घर की छत में पानी टंकी लगा लिया है। इस टंकी में पानी स्टोर कर निस्तारी सहित अन्य कामों में उपयोग करते है। टंकी भरने के लिए नल में पम्प लगाकर पानी भरते है जिसके कारण सार्वजनिक नलों में पानी का नहीं आ पाता है और लोग नलों से टोटियों को तोड़ देते है या टोटियां होने के बाद बंद नही करते है और हजारों लीटर पानी रोज व्यर्थ बह जाता है।

## महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ शहर के आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के तत्वावधान में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन (बुद्ध गया) में पूर्णत बौद्धओं को प्रबंधन का अधिकार देने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तहसील कार्यालय के सामने किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात धम्म गुरुओं द्वारा सामूहिक वंदना की गई।

कार्यक्रम में बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, सिद्धार्थ नागदेवे, निर्भय चोखान्द्रे, अनिल सहारे, दीपक ऊके, भीम सेना के अध्यक्ष शुभम बौद्ध, गौतम रामटेके, माया भास्कर, नलिनी मेश्राम, सविता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, किरण मेश्राम, सावन टेम्बुलकर, मनीष बड़ोले, धीरज मेश्राम, कुंदन भिवगड़े, सुदेश मेश्राम, भारत भूषण मेश्राम, दीपक कुम्भलवार, देवेंद्र साखरे, जयेश सहारे, जयकिशोर अम्बादे, गरीबदास गड़पायले, अश्वनी फुले, संतोष सहारे, राकेश नारनौरे, लोकेश इंदुलकर, बादल वालदे, विशाल करवाड़े सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपसिकाएं उपस्थित थे।

धरना समाप्त होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन डोंगरगढ़ एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि महाबोधि विहार को जल्द से जल्द अवैध हस्तक्षेप और गैर-बौद्ध प्रबंधन से मुक्त किया जाए।

## अन्य समाज के हस्तक्षेप का विरोध



### बौद्धगया का मांगा अधिकार

कार्यक्रम में भंते कुमार कश्यप ने कहा कि बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार बौद्ध अनुयायियों के लिए पवित्र स्थान है, इसलिए यह विहार संपूर्ण बौद्ध समुदाय में एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम को भंते नागरत्न सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया तथा कुछ सामाजिक कलाकारों द्वारा आंदोलन को भीम गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिससे आंदोलन को गति प्राप्त हुई और 12 बजे से प्रारंभ हुए धरना प्रदर्शन को 4 बजे तक रखा गया। सभी समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिहार प्रशासन के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया।

# महिलाओं का सम्मान

**टाटेकसा।** ग्राम पंचायत टाटेकसा में गत दिनों ममता चन्द्रवंशी सदस्य मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति राजनांदगांव एवं ग्रामवासियों ने महिला सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना से किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल थे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, पद्मश्री फूलबासन यादव, सीईओ आलोक सातपुते, जिपं सदस्य अनिता मंडावी, अशोक नेताम, ऋषि मिश्रा, सुखचंद चन्द्रवंशी, चन्द्रभान मन्नाडे, कमलेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर आसपास गांव के बुजुर्गों को सीआरसी सेन्टर राजनांदगांव की चुनमुन , विजय के सहयोग से कमर पट्टा, घुटना पट्टा, छड़ी दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने पर रूचि ग्राम संगठन नवागांव और पदम दन्तेश्वरी महिला स्व सहायता समूह कन्हारटोला को दो- दो हजार दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, रोजगार सहायकों को सम्मानित किया गया। महिला समूह की सदस्यों को श्रीफल व सॉल से सम्मानित किया गया।



# गर्मी में बढ़ी बर्फ की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार बढ़ते तापमान के बीच शीतल प्रदान करने वाली बर्फ की मांग बढ गई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि, जैसे-जैसे पारा चढ़ेगा और विवाह के मुहुर्तो की तिथियां करीब आयेंगी वैसे-वैसे बर्फ की मांग और अधिक होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सभी बर्फ फैक्ट्रियों में सामान्य से डेढ़ गुना मांग होने के कारण फैक्ट्री मालिकों ने बर्फ उत्पादन की गति एवं क्षमता भी बढ़ा दी है। बर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का मानना है कि, तेज धूप की तपिश के साथ ही बर्फ की मांग भी घटते बढ़ते रहती है। यह मांग शादी के मुहुर्त पर सर्वाधिक निर्भर होती है। उन्होंने बताया कि इस समय वैवाहित मुहुर्त नहीं है इसलिए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बर्फ की मांग कुछ कुछ कम है लेकिन गर्मी के लिहाज से बर्फ की अच्छी खपत हो रही है। बर्फ उद्यमियों ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि कवर्धा परिक्षेत्र मछली का बहुत बड़ा उत्पादन केन्द्र नहीं है।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय शिविर में शामिल होगा खिलेश्वर



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के छात्र खिलेश्वर कुमार पिता पूनाराम का चयन राज्य स्तरीय विशेष शिविर अम्बिकापुर के लिए हुआ है। शिविर में विभिन्न जिलों और विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवक भाग लेंगे। छुरिया महाविद्यालय के स्वयंसेवक खिलेश्वर कुमार आगामी 21 से 27 मार्च तक अम्बिकापुर शिविर में दुर्ग विश्वविद्यालय का प्रतिधिनित्व करेंगे। उन्हे इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ सुषमा चौरे, कार्यक्रम अधिकारी एनके उमरिया आदि ने बधाई दिया है।

### व्यापारी संघ का गठन 23 को

**तुमडीबोड़।** ग्राम के व्यापारियों की बैठक स्थानीय जैन स्थानक भवन में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 23 मार्च को व्यापारी संघ का गठन का निर्णय लिया गया। सभी छोटे से बड़े व्यापारियों की हर संभव मदद करने तथा हर परिस्थिति में साथ खड़े होकर मिलजुल कर काम करने पर सहमति बनी। बैठक में सुरेश जैन, वाणी विलास पटेल, अजय जैन, पूर्व सरपंच टीकम पटेल, राजा साहू, अमरोतन साहू, घनश्याम साहू, रिखी देवांगन, विक्की सोनी, मनु वर्मा, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, लीलाधर साहू, सुनील जैन,डुमेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### एक दिवसीय मानस महोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** श्रीराम जानकी, शिव मंदिर पदुमतरा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर एक दिवसीय मानस महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर सुबह मंदिर प्रांगण में विधिवत मुख्य जजमान ओमप्रकाश कविता साहू एवं समिति सदस्य, ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना, हवन-पाठ, आरती पंडित द्वारा कराया गया। तत्पश्चात बाजार चौक में एक दिवसीय मानस महोत्सव का शुभारंभ नवनिर्वाचित जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू एवं अन्य अतिथि की उपस्थिति में भूमिजा महिला मानस परिवार गुढ़ियारी रायपुर के साथ शुभारंभ किया गया। अतिथि जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, जनपद सदस्य शुभम पांडेय, मधु बघेल, पदुमतरा सरपंच हीना साहू, बसुला सरपंच मालिखम कोसरे, उपसरपंच सौरभ वैष्णव का सम्मान व उद्बोधन कराया गया। आंजनेय मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद की प्रस्तुति हुई। मानस प्रेमियों ने मानस का श्रवण किया व होली गीत में जमकर झूमे और शाम की आरती में शामिल हुए। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्रकार, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद सदस्य साकेत वैष्णव, जनपद सदस्य मंजू चंदेल, डुमरडीह सरपंच दिनेश ठाकुर, समाजसेवी परदेशी साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पदुमतरा टाकेश सिन्हा, रेंगाकठेरा अध्यक्ष हरि सिन्हा, डोम्हाटोला सरपंच दधिबल वर्मा सहित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान महिला मंडल भागवत समिति व श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा किया गया।

---

### नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ

# बदले के लिए नहीं बदलाव के लिए करूंगा काम : अनिल

#### नगर विकास मेरी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एकमात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर के बस स्टैंड में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण के लिए अलग तिथि व समय की मांग कर रहे कांग्रेस पार्षदों ने भी सोमवार को अंत में शपथ लिया।

शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की मांग पर नगर के सार्वजनिक मंच बस स्टैंड में दोपहर बारह से दो बजे के मध्य सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य ने बारी-बारी से शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्षदों को पहले शपथ दिलाने का आग्रह किया, जिसे प्राधिकृत अधिकारी ने स्वीकार कर लिया। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शपथ लिया। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, नगर पंचायत की प्रशासक तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, छग प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व जिला प्रभारी डॉ. आफताब आलम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश डाकलिया, हेमू सोनी, जिला भाजपा व जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, गुलाब गोस्वामी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार ध्रुवे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, सलीम तिगाला आदि उपस्थित थे।



#### अभी किसी दल में शामिल नहीं होंगे नगर अध्यक्ष

नगर पंचायत अंबागढ चौकी का प्रथम नागरिक बनने के बाद मीडिया कर्मियो के सवालों का जवाब देते हुए नगर अध्यक्ष ने उन अटकलों पर विराम लगा दिया की वे कांग्रेस में लौट रहे है और फिर से जिला कांग्रेस के मुखिया का कामकाज देखेंगे। साथ ही नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उन कयासों पर भी विराम लगाया कि वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होनें कहा कि नगरवासियों ने उन्हें स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद दिया है। वे निर्दलीय हैं और वे किसी दल में शामिल नहीं होना चाहते है। नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरवासियों व मतदाताओं व कार्यकर्ताओ का धन्यवाद दिया। उन्होनें कहा कि मेरी उनकी पहली प्राथमिकता नगर का सर्वांगीण विकास है। इसके लिए वे दलगत राजनीति व विचारधारा से ऊपर उठकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे बदला नहीं बदलाव के लिए कार्य करेंगे।

---

## सचिव हड़ताल पर, काम ठप



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासकीयकरण करने की मांग को लेकर मंगलवार से पंचायतों के सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे पहले सोमवार को सचिवों ने विधानसभा घेराव किया था। अब सचिवों ने ब्लॉक मुख्यालय में धरने पर बैठ गए हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल से पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है।

ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उइके ने बताया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों से शासकीयकरण करने का वादा किया था। करीब 15 महीनें बीतने के बाद भी सचिवों को शासकीयकरण करनें की दिशा में पहल नहीं की गई है। इसी कड़ी में गत 7 जुलाई को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने 1995 से कार्यरत सचिवों को शासकीय करने की घोषणा किया था। सरकार के वर्तमान बजट में सचिवों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया। अब सचिवों ने मांग पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

#### एक को सचिव घेरेंगे मंत्रालय

प्रदेश भर के सचिव आगामी एक अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करनें राजधानी में जुटेंगे। सचिवों ने कवर्धा में बैठक आयोजित कर रुपरेखा तय कर लिया है।

### एम्बुलेंस की कमी को लेकर यशोदा ने उठाया सदन में सवाल



**खैरागढ़।** जिले मे गंभीर बीमारी या दुर्घटना मे घायल से पीड़ितों को तत्काल मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने जिले मे एंबुलेंस की कमी पर सदन मे सवाल उठाया। विधायक यशोदा वर्मा ने विधानसभा सत्र के चौदहवें दिन नवीन जिले एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। जिले मे मात्र चार जगहों साल्हेवारा, खैरागढ़ छुईखदान और गंडई अस्पताल मे ही एंबुलेंस उपलब्ध है जबकि अन्य जिलों में दस के आसपास एम्बुलेंस है। विधायक यशोदा वर्मा ने सदन के पटल पर नवीन जिले में एम्बुलेंस की कम संख्या को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी वजह से मरीज तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाता और कईयों की मौत समय पर इलाज के अभाव मे हो गई है। मामले मे स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि जिले मे महज चार एंबुलेंस है जो जनसंख्या के हिसाब से कम है। विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के निर्देश पर उन्होंने कहा कि दो तीन दिनो के भीतर ही साल्हेवारा मे और आने वाले कुछ दिनो मे अन्य जगहो पर एंबुलेंस की व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। गौरतलब है कि विधायक यशोदा वर्मा बहते तीन सालो से लगातार आम लोगो की समस्याओं और विकास परक कामो को लेकर काम कर रही है।

---

## शौचालय की मरम्मत का फर्जी भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका के माध्यम से संचालित स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत सुलभ शौचालय में फर्जी तरीके से ठेकेदार को राशि भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार साल 2018-19 से दो ठेकेदारों के बीच आपसी विवाद के बाद 7 शौचालयों का दिया गया टेंडर जांच का विषय बना हुआ है। पहले उक्त सुलभ शौचालय का लगभग 90 हजार भुगतान रखरखाव के लिए किया जाता था लेकिन बिना उपयोग एवं रखरखाव के 2023-24 के लगभग 9 लाख के भुगतान को जांच के नाम से रोकने के बाद राजनीतिक दबाव में ठेकेदार को लगभग 3 लाख कम कर 6 लाख 34 हजार का भुगतान किया गया है। बताया जाता है कि ठेकेदार को राजनीतिक एप्रोच और कमीशन मिलने के बाद राशि का भुगतान किया गया है। इस शौचालय का उपयोग केवल शादी ब्याह या नवरात्रि के दौरान होता है।

#### शिकायत मिलने पर होगी जांच

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके षर्मा ने बताया कि स्वच्छता श्रृंगार को लेकर कुछ शिकायतें मिली है। ठेकेदार के बिल व्हाउचर को नजरअंदाज कर जांच के बाद राशि का भुगतान किया गया। किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो पुनः जांच कराई जाएगी। ठेकेदार रमेश वर्मा ने बताया कि किसी प्रकार की शिकायत वैध नही है। नगर पालिका अधिकारी ने जांच के नाम पर बिना वजह लगभग 3 लाख का कम भुगतान किया है।

---

## देवांगन समाज का निर्णय, मृत्यु भोज की परंपरा समाप्त, आर्थिक सहायता को प्राथमिकता

- समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से देवांगन समाज के कार्यकारिणी सदस्यों ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते सर्वसम्मति से यह तय किया है कि समाज के किसी भी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके परिवार को मृत्यु भोज कराने की परंपरा से मुक्त किया जाएगा। इसके स्थान पर आर्थिक सहायता को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि शोकग्रस्त परिवार को राहत मिल सके।

समाज के संरक्षक मनराखन देवांगन ने बताया कि परंपरागत रूप से समाज में मृत्यु भोज की प्रथा चली आ रही थी। जिसमें मृतक के परिजनों को बड़े स्तर पर भोजन व्यवस्था करनी पड़ती थी। यह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अतिरिक्त भार बन जाता था। समाज ने इसे अनावश्यक खर्च मानते समाप्त करने का निर्णय लिया। अब मृत्यु भोज में केवल चावल, दाल और सब्जी परोसी जाएगी, ताकि अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। इसके अलावा समाज में मृत्यु के समय शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पीतांबरी कपड़ा चढ़ाने की परंपरा पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इसकी जगह समाज के सदस्य शोकाकुल परिवार को नगद राशि प्रदान करेंगे। जिससे उन्हें वास्तविक आर्थिक सहायता मिलेगी और अंतिम संस्कार संबंधी आवश्यकताओं में सहायता हो सके।

इस दौरान संरक्षक मनराखन देवांगन, अध्यक्ष सेवक देवांगन, सचिव युवराज देवांगन, दीपक देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र देवांगन, गोविंद देवांगन, अजय देवांगन, नरेश देवांगन, राजेश देवांगन व अन्य मौजूद थे।

#### सामान्य सभा में पारित करेंगे निर्णय

समाज की कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए उक्त निर्णय को जल्द ही समाज की सामान्य बैठक में पारित किया जाएगा। समाज के वरिष्ठजन और युवा सदस्य इस बदलाव को एक प्रगतिशील कदम मान रहे हैं। जिससे अनावश्यक परंपराओं के बोझ से मुक्ति मिलेगी और आर्थिक रूप से पीड़ित परिवारों को सशक्त किया जा सकेगा। समाज का यह निर्णय समाज में नवाचार और जागरूकता का प्रतीक है। यह न केवल आर्थिक भार को कम करेगा, बल्कि समाज में समरसता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देगा। ऐसे निर्णय अन्य समाज के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है। जिससे सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर वास्तविक सहयोग को प्राथमिकता दी जा सके।

---

## आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**गंडई पंडरिया।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के आदेशानुसार नगर के सभी सरकारी स्कूलों में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पीएम श्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में कक्षा छठवी से बारहवीं तक की छात्राओं को प्रतिदिन आधे घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक प्रतानु चक्रवर्ती छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखा रहे हैं। यह प्रशिक्षण आगामी 31 मार्च तक जारी रहेगा। छात्राओं को ब्लॉक पंच, लोवर पंच, पावरफुल किक, गले की पकड़, कमर की पकड़, बालों की पकड़, हाथों की पकड़ से खुद को छुड़ाने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में योगेश्वरी तारम, कार्यक्रम प्रभारी स्मितादास, सुरभि उईके, किरण ठाकुर, शिक्षक किरण वर्मा, रामकुमार केंवट, मनीज दास, स्नेह एक्का, जसबीर सिंह, देवेंद्र वासनिक, मुकेश यादव, शुभम सिंह, दुर्गेश सेन, हेमंत कुमार, ममता सोनी, महिमा गढ़वाल उपस्थित थे।

---

## विवि में प्रस्तुति देंगे कई राज्य के कलाकार

**खैरागढ़।** दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और इंदिरा कला संगीत विवि के संयुक्त तत्वावधान में कल 21 से 23 मार्च तक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की संस्कृति नृत्य, शिल्प व व्यंजन परंपरा से जुड़े कार्यक्रम ऑक्टेव का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र जो महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक सदस्य राज्यों में से एक है। जिसका मुख्यालय नागपुर में है।

#### आयोजन की तैयारियां पूरी, आज होगा आगाज

पूर्वोत्तर के आठ राज्य क्रमशः असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की पारंपरिक संस्कृति के प्रोत्साहन व संवर्धन को लेकर संस्कृति मंत्रालय द्वारा ऑक्टेव कार्यक्रम का आयोजन समूचे देश में किया जाता है। इसी क्रम में 21 से 23 मार्च तक संगीत विवि परिसर 01 में यह आयोजन होगा। जिसमे पूर्वोत्तर राज्यों के लगभग 280 कलाकार 8 राज्यों की सांस्कृतिक नृत्यों को प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा मेला क्षेत्र में पूर्वोत्तर के आकर्षक उपयोगी हस्तशिल्पों सहित स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया जाएगा। सांस्कृतिक नृत्यों में मणिपुर का ढोल चोलम व पुंग चोलम नृत्य, बसंत रास, चेरोल जगोई, थाँग-टा, असम का रंगीला बिहू, डाओसरी डेलाई, झूमोईर, त्रिपुरा का होजागीरी, नागालैंड के नजाता, ओ नोक्षी नृत्य, मेघालय का वांगला और का-शाद-मस्तेह, अरुणाचल प्रदेश का टप्पू, गास्यो स्यो नृत्य, मिजोरम का चेराव नृत्य और सिक्किम के तामाङ सेलो की प्रस्तुति शाम 6.30 से रात्रि 9.30 तक रहेगी। जबकि मेला शाम 4 से रात्रि 9.30 बजे तक लगेगा।

---

## सिविक एक्शन प्रोग्राम, कैंप में किया उपचार

**खैरागढ़।** प्रदेश और जिले के अंतिम छोर मे बसे वनाचंल के कटेमा सहित महुआढार, लछना और बोरला मे आईटीबीपी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम तहत साईकिल, कंबल, साड़ी, लुंगी और तौलिया जैसे रोजमर्रा की जरूरत के समान का वितरण किया जिससे ग्रामीणों और आईटीबीपी के बीच सौहार्द और आपसी तालमेल बढ़ा वही मेडिकल कैंप आयोजित कर ग्रामीणो का स्वास्थ्य परीक्षण बाद उन्हे निशुल्क दवाईया भी दी गई। 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कटेमा कैम्प इलाके में आने वाले नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा, महुआधार, बोरला और लछना में प्रोग्राम आयोजित किया गया था जहॉं कमांडेंट दत्ता को ग्रामीणो ने समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। ग्रामीणो ने कटेमा में बिजली आपूर्ति, कटेमा से मुरकुडो के बीच सडक़, स्कूल और आंगनबाड़ी भवन, लछना टोला में स्कूल व आंगनबाड़ी भवन, दल्ली खोली मे सडक़ निर्माण, लछना और लछनाटोला सडक़ के डामरीकरण को लेकर बात रखी। इस दौरान कमांडेंट दत्ता ने बताया कि कुछ कार्यों जैसे कटेमा में बिजली पहुंचाने और महाराष्ट्र की ओर सडक़ लिंक मार्ग का कार्य सिस्टम में आ गया है जल्द काम चालू हो जाएगा। शेष कार्यों के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखा गया है जिस पर भी शीघ्र ही कारवाई शुरू होने की संभावना है। कमांडेंट दत्ता ने बताया कि आईटीबीपी क्षेत्र में लगातार ग्रामीणों के स्तर को ऊँचा करने के लिए प्रयासरत है जिसमें काफी हद तक सफल भी रही है। आईटीबीपी के पदार्पण से इलाके में शांति व्यवस्था बहाल हुई है और ग्रामीण अब नक्सल डर से उबर चुके हैं। कई दशकों से ग्रामीण नक्सलियों की दहशत के चलते अपने खेत खलिहान पर ध्यान नहीं दे पाते थे लेकिन अब उनकी उपस्थिति से बेधडक़ अपने काम पर ध्यान दे रहे हैं।

#### नशे के कारण बढ़ी दिक्कतें: डॉ. अनुराधा

मेडिकल कैम्प मे उचित उपचार व बीमारियों की रोकथाम और एहतियात बरतने की सलाह देते हुए 40वीं वाहिनी की वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ अनुराधा ने लगभग 150 लोगों की चिकित्सा जांच कर ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से होने वाले नुकसान व उपायों की जानकारी दी। घने जंगलों से घिरे इन गांवों में मच्छर जनित रोगों मलेरिया, फाइलेरिया जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारियों से बचाव का टिप्स दिया वही डॉ अनुराधा ने समाज को खोखला करने वाली कुरीति नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। युवाओं से आह्वान किया कि इस सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए आगे आए, न स्वयं नशा करें और न ही दूसरों को करने दें। नशे की वजह से परिवार तबाह हो जाता हैं। आर्थिक तंगी और बदहाली का शिकार होना पड़ता है। नशा एक व्यक्ति करता है लेकिन उसका परिणाम उससे जुड़े अनेक लोगों को भुगतना पड़ता है।

#### सफाई अभियान

कार्यक्रम में कटेमा कैंप कमांडर श्याम भट्ट ने जवानों और ग्रामीणों के साथ मिलकर गाँव में सफाई अभियान चलाया और लोगों को अपने आसपास सफाई रखने और इससे होने वाले लाभ के प्रति जागरूक किया। उन्होने बताया कि स्वच्छता से हम बीमारियों को दूर भगा सकते हैं इसलिए स्वच्छ परिवेश बनाकर हम सामाजिक सेवा में अहम योगदान दे सकते हैं। श्याम भट्ट ने सिविक एक्शन कार्यक्रम दौरान उपस्थित ग्रामीणों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

---

### ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक बंसल का किया स्वागत

# लमरा में सिविक एक्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास और मित्रता बढ़ाने लगातार प्रयास की कड़ी में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के सामानों, मच्छरदानी, मिठाई सहित स्कूली बच्चों को टिफिन, स्कूल बैग, कॉपी, पेन दिया। इस दौरान एसपी त्रिलोक बंसल ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि पुलिस उनकी हर संभव सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और भविष्य में भी नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों के विकास के लिए सहयोग का भाव लेकर काम करेगी, ताकि ग्रामीण निर्भिकता से अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सके। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस ने यह संदेश दिया कि नक्सलवाद का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं, बल्कि विकास, संवाद और आपसी सहयोग से भी संभव है। इस मौके पर ग्राम पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं, निरीक्षक अम्बरीश शर्मा नक्सल सेल प्रभारी, थाना बकरकट्टा से सउनि जयमल उईके, प्र.आर. आशीष वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



#### नक्सल क्षेत्रो में शांति की कोशिश

सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं भाईचारे को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करने प्रेरित करने के साथ-साथ पुलिस व ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करना है। विकास कार्यों को गति देने सामुदायिक पुलिसिंग मील का पत्थर साबित हो रही है। सामुदायिक पुलिसिंग से नक्सलवाद से निपटने में काफी मदद मिल सकती है।

---

## शिविर के लिए रामावतार चयनित

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक रामावतार साहू का राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए चयन हुआ है। यह शिविर 21 से 27 मार्च तक केशवपुर में आयोजित है। रामावतार साहू की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार अमिला, प्राध्यापक टीएल वर्मा, गावस्कर कौशिक, भागवत राम वर्मा आदि ने बधाई दी है।




---

**कार्यालय ग्राम पंचायत नारायणगढ़**
**जनपद पंचायत डोगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:: बाजार नीलामी सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी दिनांक 25.03.2025 दिन मंगलवार समय 11:30 बजे ग्राम पंचायत नारायणगढ़ की सप्ताहिक बाजार की नीलामी का कार्यवाही पूर्व बैठक दिनांक 10.03.2025 प्रस्ताव क्रमांक 03 के अनुमोदन पश्चात् नीलामी किया जाना प्रस्तावित है जिसमें आप सभी जनमानस नीलामी में भाग लेने हेतु उपस्थिति देवें।

**नीलामी की नियम व शर्ते निम्नानुसार है:-**

**1.** सरकारी बोली 500000.00 रूपये होंगी।, **2.** बोलीकर्ता को अमानत राशि 5000/- रूपये जाम करना होगा।, **3.** साप्ताहित बाजार की नीलामी 01.04.2025 से 31.03.2026 तक एक वित्तीय वर्ष तक होगी।, **4.** बोलीकर्ता पंचायत का बकायेदार नही होनी चाहिए।, **5.** नीलामी पश्चात् ठेकेदार को राशि का 50% प्रतिशत् राशि तत्काल जमा करना होगा शेष राशि 90 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य है।, **6.** बाजार ठेकेदार द्वारा एक सप्ताह के भीतर 50 रूपयें का जुडिसियल स्टाम्प पेपर में नियम और शर्ते का अनुबंध करना होगा।, **7.** बाजार ठेकेदार द्वारा बाजार थोक में लगने वाले पसरे का वसूली किया जाएगा।, **8.** ठेकेदार द्वारा स्वयं पर्ची छपाकर ग्राम पंचायत का सील मोहर लगाकर जारी किया जाएगा।, **9.** पसरा निर्धारण की सूची ग्राम पंचायत नारायणगढ़ के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

**सरपंच ग्राम पंचायत नारायणगढ़**
**जनपद पंचायत डोंगरगढ़**

## सार समाचार

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पंचायत सचिव

**मोहला।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत सचिव आज मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। ग्राम पंचायत सचिव संघ जिला मुख्यालय मोहला स्थित छुरिया मंदिर प्रांगण में आज सुबह 11 बजे से एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल में बैठ राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है। ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष संतोष गोटे ने मंगलवार की शाम 4 बजे बताया कि वर्ष 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र,मोदी की गारंटी, में 1995 से कार्यरत सचिवों को शासकीयकरण करने की गारंटी दी गयी है। सात जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री के द्वारा 30 दिवस के भीतर समिति गठित कर शासकीयकरण करने की घोषणा की गई थी। परन्तु वर्तमान बजट सत्र में सचिवों के संबंध में कोई भी पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एंव आक्रोशित है। जिसके कारण आज से सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बठ गए है। इसके पश्चात एक अप्रैल को प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ ने मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया है।

### साकेत का होली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले ग्राम पंचायत भवन मोखला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साकेत के पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू और पूर्व सचिव कुलेश्वर दास साहू के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, बालोद, दुर्ग और बेमेतरा जिले के चालीस से अधिक रचनाकारों की उपस्थिति रही। प्रथम सत्र में लोक गीतों में होली विषय पर परिचर्चा आयोजित किया और द्वितीय दौर में रंगझाझर कवि गोष्ठी का दौर चला। समारोह के मुख्य अतिथि मोखला सरपंच प्रतिनिधि हेमशंकर साहू व अध्यक्षता आत्माराम कोशा ने की। विशिष्ट अतिथि मोखला उपसरपंच मदनलाल साहू, अरविंद कुमार लाल, महेन्द्र कुमार बघेल, शंकर शरण, डॉ. इकबाल खान, जितेन्द्र पटेल, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, गिरीश ठक्कर, सुषमा मुकेश शुक्ला, रामकुमार चंद्रवंशी, अलखराम यादव, डॉ. प्रवीण साव, संतराम निषाद, यशवंत साहू, विष्णु सावर शामिल थे। कवि डोहर दास साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। ओमप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण देते लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।




### ठाकुर कलमकार साहित्य श्री अलंकरण से सम्मानित

**राजनांदगांव।** जिला मुख्यालय मुंगेली में 2 मार्च को आयोजित छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के वार्षिक सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा बालोद जिला के जनसपंर्क विभाग के सहायक संचालक चंद्रेश ठाकुर को कलमकार साहित्य श्री अलंकरण 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशन टंडन क्रांति द्वारा अपने कक्ष में प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने सहायक संचालक श्री ठाकुर को साहित्य लेखन एवं रचनाधर्मिता के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की।



### सांसद के प्रयास से रेल बजट में करोड़ों का प्रावधान



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से रेल बजट में 6925 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सांसद संतोष पांडे ने संसद भवन सदन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का ज्यादातर हिस्सा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के अंतर्गत आता है एवं राज्य का दक्षिणी हिस्सा बस्तर क्षेत्र ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन के अंतर्गत आता है। जिसके लिए वर्तमान रेल बजट में 6925 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 41,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 2 हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। जिसमें छत्तीसगढ़ को लगभग 2700 करोड़ रुपए की लागत से अमृत भारत स्टेशन का शिलान्यास तथा रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का शिलान्यास के कार्य शामिल थे। अमृत भारत स्टेशन योजना में छत्तीसगढ़ में संसदीय क्षेत्र के राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ सहित कोरबा, रायगढ़, सरोना, भाटापारा, भिलाई नगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अम्बिकापुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर, निपनिया, मंदिर हसौद एवं भिलाई स्टेशन सहित कुल 21 स्टेशन शामिल है। जिनका एयरपोर्ट की तर्ज पर कायाकल्प का कार्य प्रगति पर है। कुल स्थानों पर 50 प्रतिशत से भी अधिक के कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

### 23 को संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर 23 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा (परीक्षा महाभियान) का आयोजन किया जाना है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 23 मार्च उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान, नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई है। निर्देशानुसार उक्त परीक्षा नगरीय निकाय के वार्डों में स्थित शासकीय स्कूलों (शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला) में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने 3 घंटे का समय दिया जाएगा। जिसके लिए वे सुबह 10 से 5 बजे समय के भीतर सुविधा अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

## तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

# दुकान के गल्ले से चोरी सहित क्लिनिक में चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

दुकान के गल्ले से नगदी रकम चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी एवं फिजियोथेरेपी क्लीनिक का दरवाजा तोड़कर चोरी करने की नियत से भीतर प्रवेश किए एक आरोपी को गिरफ्तार कर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 मार्च की रात्रि लगभग 1 बजे इनके फिजियोथेरेपी क्लीनिक में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी करने की नियत से क्लीनिक अंदर घुसकर आलमारी में रखे कागजात को बिखराकर वहां लगे एसी को तोड़फोड़ कर दिया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

#### सीसीटीवी से मिला सुराग

पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी रत्नेश ठाकुर 25 साल निवासी ब्राम्हणपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।



#### दो आरोपी गिरफ्तार

अलग-अलग जगहों के सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर आरोपी की पहचान मो. जुनैद पिता मो. इमरान 19 साल निवासी भिलाई कोहका आईटीआई स्कूल के पास पुलिस चौकी स्मृति नगर एवं अभिषेक सिंह पिता गुरमीत सिंह 19 साल निवासी कैलाश नगर थाना जामुल जिला दुर्ग का होना पाया गया, जिन्हें भिलाई में घेरबंदी कर पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी जुनैद ने बताया कि अपने पुराने मामले में पेशी दिलाने राजनांदगांव कोर्ट आया था। पेशी दिलाने के बाद वापस घर भिलाई जाने के दौरान घटना को अंजाम दिया। आरोपी मों जुनैद से चोरी गई रकम में से 6320 रुपए एवं आरोपी अभिषेक सिंह से 6000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पल्सर को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय से आरोपीगणों का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

#### दुकानदार खाना खाने गया, गल्ले से नगदी पार

इधर इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रार्थी जयकिशन सोनकर निवासी नंदई चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 मार्च को वह दोपहर अपने दुकान ओम स्टील एवं हार्डवेयर दुकान का शटर को आधा बंद कर खाना खाने के लिए गया हुआ था। वापस आकर देखा तो दुकान में रखे गल्ला बिखरा पड़ा हुआ था। जिसमें 18000 रुपए नगदी रकम नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा गल्ले में रखे नगदी रकम 18000 रुपए को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
इस मामले में पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर एक काला रंग के मोटर साइकिल में सवार दो लड़के दुकान के सामने से गल्ले में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले जाते दिखे।

# म्यूल खाताधारक कुल चार आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अलग-अलग मामलों में म्यूल खाताधारक कुल 4 आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय विभाग द्वारा सायबर अपराधियों से संबंधित डाटा, सायबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी को भारतीय सायबर अपराध समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ साझा किया जा रहा है। उसी क्रम में बढ़ते हुए सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिले में मिशन सायबर सुरक्षा अभियान की शुरूआत की गई है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई, जांच जारी

इस अभियान के तहत समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना डोंगरगढ़ स्थित 4 बैंक खातों जिनका उपयोग विभिन्न सायबर अपराधों में प्रयोग किया गया है, को चिन्हांकित कर उक्त खाता धारकों के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप कुमार सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा एवं सायबर प्रभारी विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर सर्वप्रथम 19 मार्च को थाना क्षेत्रांतर्गत खाताधारक पुष्पदीप भाटिया 24 वर्ष निवासी खंडूपारा, मिहीर देवांगन 22 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैंड वार्ड डोंगरगढ़, खेमेन्द्र कुमार साहू 28 वर्ष निवासी लालबहादुर नगर चौकी चिचोला एवं योगेन्द्र यादव 31 वर्ष निवासी बजरंग चौक डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिन्होंने जुर्म घटित करना स्वीकार किया, जिन्हें धारा सदर का अपराध घटित करना पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपीगणों को जेल दाखिल किया गया। आरोपीगणों द्वारा किसके माध्यम से उक्त अकाउंट को खुलवाया गया, किस माध्यम से उक्त बैंक खातों को सप्लाई किया गया है।

# नेशनल गेम्स में तीरंदाजों ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों ने एक बार फिर राज्य का नाम रौशन किया है। ओडिशा के राउरकेला में आयोजित 7वें नेशनल मास्टर्स गेम्स 2025 में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हिरू साहू और वनीता साहू ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि अजेन्द्र तांडेकर ने रजत पदक हासिल किया। यह जीत उनके असाधारण कौशल, समर्पण और उत्कृष्टता की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इनकी सफलता के पीछे महीनों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण है, जिसे आईबी ग्रुप के साथ और भी मजबूती मिली। प्रोटीन फॉर ऑल पहल के तहत आईबी ग्रुप भारतीय एथलीटों को सहयोग देता आ रहा है। इससे पहले कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्रिमंत झा को भी सहयोग किया था, जिन्होंने नॉर्वे ओपन पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए रजत पदक जीता था। साथ ही पैरा आर्म रेसलिंग की नेशनल चैंपियनशिप में आईबी ग्रुप के सहयोग से 38 अन्य पैरा आर्म रेसलरों ने 54 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया।

# परिक्रमा पथ के लिए 55 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों एवं मां बम्लेश्वरी की कृपा से अनुपूरक बजट में स्वीकृत डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो गई। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। विदित हो कि इस स्वीकृति मिलने से अब 8 किलोमीटर के फोरलाइन मार्ग का कार्य तेज गति से शुरू हो जाएगा।

लोक निर्माण विभाग को 55 करोड़ 35 लाख 57 हजार रुपए की तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद अब निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, भरत वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, रमेश पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, दिनेश गांधी, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सरोजनी बंजारे, किरण साहू, हरविंदर मगे, चिंकू जैन, सुरेंद्र सिंह बनोवाना, कुलवंत कक्कड़, जसमीत सिंह बन्नोआना, अनिल सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, प्रिंस कक्कड़, जनपद अध्यक्ष लता सिंहा, जैन मेश्राम, सविता दरगढ़, सुमित मिश्रा एवं मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते डॉ. रमन सिंह के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 मार्च को वार्ड नं. 49 के लिए पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड, 24 मार्च को वार्ड नं. 50 के लिए सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व वार्ड नं. 51 के लिए सामुदायिक भवन हरदी एवं 25 मार्च को वार्ड नं. 42 व 43 के लिए सामुदायिक भवन फिरंतीन मंदिर के पास तथा वार्ड नं. 46 के लिए सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

# एक मंच पर दिखेंगीं ड्रोन दीदी और पैड वूमेन

- अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली महिलाओं का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

समाज से लोहा लेकर अपनी प्रतिभा के दम पर अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं को एक ही मंच पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा और पद्मावत महिला कल्याण समिति सम्मानित करने जा रही है। इनमें वे महिलाएं शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाया है। महिला दिवस के अवसर पर महाराणा के प्रताप भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महिला विंग और पद्मावत महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 22 मार्च को महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगाद। इनमें वे महिलाएं शामिल हो रही है,जिन्होंने अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाते समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। आयोजन में ऐसे ही महिलाओं को चिन्हित करते हुए उन्हें एक मंच पर सम्मानित किए जाने का फैसला लिया है।

#### सम्मानित होंगी प्रतिभाएं

कार्यक्रम में 80 एकड़ में नई तकनीक से खेती करने वाली ड्रोन दीदी के रूप में मशहूर शांति विश्वकर्मा और महिलाओं को निःशुल्क पद वितरण करने वाली फैट वूमेन कविता निषाद का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा दिव्यांग होते हुए भी जरूरतमंदों की मदद करने वाली ममता चंद्रवंशी और पूर्णिमा साहू का भी सम्मान किया जाएगा। वहीं नक्सली क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त करने सिलाई-बुनाई की ट्रेनिंग देने वाली पुन्या सिन्हा, एलिजा,सुनीता पोर्ते, साधना संगीता, लक्ष्मी गंधर्व, तरुणा साहू सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया जाना है। सम्मान की इस श्रृंखला में लोक संस्कृति का परचम पूरे विश्व में लहराने वाली पूनम विराट को भी सम्मानित किया जाएगा।

#### कार्यक्रम में शामिल होंगी पद्मश्री फुलबासन यादव

आयोजन की जानकारी देते हुए पद्मावत महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रहेंगी। वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए जाने जाने वाली पद्मश्री फुलबासन यादव कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। इनके अलावा कार्यक्रम में वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू सहित पूर्व महापौर हेमा देशमुख भी मौजूद रहेंगी।

## ज्ञान मानसरोवर में पार्षदों का सम्मान समारोह 23 को

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ज्ञान मानसरोवर द्वारा 23 मार्च को सुबह 11 बजे नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर डोंगरगांव रोड गोकुल नगर के आगे बिजली सब स्टेशन के पास राजनांदगांव में रखा गया है।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव एवं 51 पार्षदों को आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

# छग राजपूत महासभा ने राजा अरविंद को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने आज महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित महाराणा प्रतापजी की मूर्ति के सामने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज मेवाड़ राजा स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। समाज के पदाधिकारी ने सामाजिक हित में काम करने वाले स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ के कार्यों को संस्मरण करते उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

बता दें कि स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के वंशज थे। उन्होंने राजपूत समाज की सभ्यता और संस्कृति को लेकर के आजीवन समाजहित में काम किया और राजपूत समाज को हमेशा प्रगति की ओर अग्रसर करने लोगों को प्रेरित करते रहे। वे लंबे समय से बीमार थे। लंबी बीमारी के बाद 16 मार्च को उदयपुर में उनका निधन हो गया। करणी सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने बताया कि राजपूत समाज के लिए यह अपूरणीय क्षति है। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने इस अवसर पर उनके द्वारा मेवाड़ की संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में जयनारायण सिंह, डॉ. आरपीएस भदोरिया, आरएन सिंह, संजय बहादुर सिंह, युवा अध्यक्ष गोल्ड भदोरिया, कपिल सिंह, अजय सिंह कुशवाहा, अभिषेक सिंह, पवन राठौर, गोल्डी भार्गव, संतोष सिंह राजपूत और डॉ. विशाल ठाकुर सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## वार्षिक उत्सव का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** खेल इवेंट प्रभारी डॉ. आराधना टोप्पो ने बताया कि राजनांदगाव के अटल विहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 19 मार्च से वार्षिक उत्सव आईआरआईएस 2025 आयोजन का शुभारंभ हुआ है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव का आयोजन एक सप्ताह के लिए होना है। इसमें खेल के साथ साहित्य, कलाकृति और संस्कृतिक कार्यक्रम होना है, जो 19 से 26 मार्च तक आयोजित होंगे। जिसमें पूरा मेडिकल कॉलेज के छात्र व स्टाफ हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल शामिल हुए। कलेक्टर की उपस्थिति में खेल इवेंट की शुरूआत हुई। कलेक्टर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीन डॉ. लुका, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. देशकर, डॉ. जेठानी, खेल इवेंट के इंचार्ज डॉ. आराधना टोप्पो और डॉ. अनिल चन्द्रा व मेडिकल कालेज के स्टाफ डॉक्टर्स मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सप्तरंग समारोह 24 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

संस्कारधानी में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय सप्तरंग समारोह की पहचान अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर में अपनी पहचान बनाने लगा है। शास्त्रीय, लोक एवं नाट्य विधाओं पर केन्द्रित तीन दिवसीय समारोह 24 से 26 मार्च तक स्थानीय गांधी सभागृह म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव में संध्या 6 से 10 बजे तक निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

इस बार इस समारोह में विशेष रूप से अनेक देशों में अपनी कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दे चुके एवं अयोध्या राम मंदिर स्थापन के समय भगवान श्रीराम चंद्र से संबंधित रामायण एवं नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुति देने वाले एवं जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के लिए विशेष प्रस्तुतियां करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कलाकार अनुज मिश्रा एवं टीवी रियल्टी शो में शानदार प्रस्तुति करने वाली नेहा मिश्रा भी अपने साथियों के साथ प्रस्तुति देगी। राष्ट्रीय सप्तरंग समारोह के मुख्य प्रायोजक संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से सीएफपीजीएस स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय गोष्ठी सेमीनार का भी आयोजन किया जाएगा।

चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने पालकों एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है, जो लोग अपने बच्चों को शास्त्रीय नृत्य अथवा कला की शिक्षा दिलवा रहे हैं और जो लोग अपने बच्चों को शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं कला की शिक्षा दिलाना चाहते हैं, वह पालक अपने बच्चों को इन कार्यक्रमों को जरूर दिखाएं एवं लोगों को देखने के लिए प्रेरित करें।

## आम सूचना

यह ज़ाहिर सूचना इस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाती है कि ग्राम सिरमुंदा प.ह. नं 16, तह. व जिला मोहला- मानपुर- अं.चौकी के अंतर्गत भूमि कुल रकबा एक एकड़ जो कि राजस्व अभिलेखों में ख. नं. 47/1 पर सर्व श्री भारत पाल, टेकराम, नारद, लेखराम, मंजू बाई, बीना बाई, समस्त पिता स्व. बेदलाल एवं तिलकराम, प्रेमलाल, भानु बाई एवं संतोषी बाई सभी स्व. माता तीरथ बाई के नाम पर दर्ज हैं। उक्त एक एकड़ भूमि ख. नं. 47/1 को क्रय करने हेतु सौदा मेरी पक्षकार कु. दामिनी भल्ला आ. श्री आलोक भल्ला, आयु लगभग 41 वर्ष, निवासी गुरुग्राम, दिल्ली ने बयाना देकर पक्का किया हैं।

उक्त ख.नं. 47/1 रकबा भूमि पर किसी भी तरह किसी व्यक्ति, शास./ अर्ध. शास. अथवा अन्य किसी को भी कोई दावा/आपत्ति हो या उक्त भूमि किसी तरह किसी के ज़मानत, गिरवीनामा, कर्ज़ या अन्य कोई वित्तीय बंधन के तहत देयकारी हो तो कृपया इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिन से पंद्रह दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज़ दावा/ आपत्ति पेश करें। समयावधि बीत जाने के बाद प्रस्तुत कोई भी दावा/आपत्ति मेरी पक्षकारा पर बंधनकारी नहीं रहेगा और मेरी पक्षकार तयशुदा भूमि को अपने नाम से पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगी।

सूचना जानें।
दिनांक : 21/03/2025

धर्मेंद्र कुमार मेश्राम (अधिवक्ता)
वास्ते - कु. दामिनी भल्ला
मो नं : 7000658935, 9827189424
पता : विजय चौक,
शंकरपुर, राजनांदगांव, (छ. ग.)




स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

**खबर संक्षेप**

## सीमेंट से भरा ट्रक बिजली खम्भें से टकराया, ग्राम में सप्लाई बंद

**हरिभूमि चिल्फी।** शहर व क्षेत्र में दिन प्रतिदिन सड़क हादसे व अन्य मामले सामने आ रही है, वहीं कवर्धा-चिल्फी, मध्यप्रदेश नेशनल हाईवे -30 में मंगलवार रात 10 बजें बड़ा हादसा टल गया। शिमला से सीमेंट लेकर भोपाल जा रही ट्रक चिल्फी के न्यू बस स्टैण्ड से 200 मीटर दूर बिजली पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा चकनाचूर हो गया। इस हादसे के बाद गांव की बिजली सप्लाई पूरी तहर ठप हो गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक वाहन चालक की भारी लापरवाही के कारण ट्रक सीधे खंभे से टकरा गई नहीं तो बड़ा सड़क हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में ट्रक वाहन चालक व परिचालक सुरक्षित है।

# पीएम राशन, पीडीएस दुकान, महिला पर्यवेक्षक सहित विधायक ने सदन में उठाए अन्य मुद्दे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार विधानसभा में जनहित व शासकीय योजनाओं के विषयों एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर विधानसभा में प्रश्न किया जा रहा है। वहीं गुरूवार को विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान उन्होने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन वितरण एवं कोविड-19 के समय केंद्र सरकार द्वारा अन्न प्रदाय के वितरण में तत्कालीन प्रदेश की कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी का विषय विधानसभा में उठाया।

भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में निवासरत गरीब परिवारों के लिए प्रतिमाह कितना चांवल राज्य को आबंटित किया जाता है? राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 तक इस योजना अंतर्गत कितने चांवल का वितरण किया गया? जिसका उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक प्रात्रता अनुसार वर्तमान में 1,15,338 टन चांवल प्रतिमाह आबंटित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 तक 25,70,780 टन चांवल का वितरण किया गया। पूरक प्रश्न करते हुए उन्होने कहा की कोविड-19 के समय में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को राहत देने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी। योजना के तहत प्रतिमाह 5 किलो अनाज का निःशुल्क वितरण हेतु केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित अनाज का वितरण नहीं होने की लगातार शिकायत मिल रही है जिसके संबंध में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 के समय हुई इस अनियमितता की जांच की मांग भी उन्होंने सदन के समक्ष रखा। जिसके उत्तर में मंत्री ने कहा कि इसकी शिकायत नहीं मिली है यदि इसकी शिकायत उपलब्ध कराते हैं तो जांच की जाएगी।

श्रीमती बोहरा ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के लिए वर्ष 2023-2024 से 1 फरवरी 2025 तक कितने गोदाम निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं कितने गोदामों का निर्माण हो चुका है और कितने शेष हैं? कितने गोदाम जर्जर हैं? उक्त अवधि में कितनी राशन दुकानें भवनविहीन हैं? इन भवनविहीन दुकानों एवं जर्जर गोदामों का भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कब तक किया जाएगा? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में खाद्य मंत्री ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों के लिए प्रश्नांकित अवधि में उचित मूल्य दुकान-सह-गोदाम निर्माण स्वीकृत नही किया गया है।

वर्तमान में विकासखण्ड पण्डरिया में 27 उचित मूल्य दुकान विकासखण्ड कवर्धा में 08 उचित मूल्य दुकान तथा विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में 17 उचित मूल्य दुकान के गोदाम मरम्मत किए जाने योग्य है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 62 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने पर नवीन उचित मूल्य दुकान-सह-गोदाम निर्माण स्वीकृत किया जा सकेगा।

### जिले में महिला पर्यवेक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त हैं?: भावना

विधायक भावना बोहरा ने महिला पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि कबीरधाम जिले में महिला पर्यवेक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पद कब तक भर लिए जाएंगे? रिक्त महिला पर्यवेक्षकों के स्थान पर प्रभारी की भूमिका किसी और को दी जाती है? यदि हां तो किसे दी जाती है? जिसके लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि कबीरधाम जिला में महिला पर्यवेक्षको के 63 पद स्वीकृत है। स्वीकृत पदो में से पर्यवेक्षको के 02 पद रिक्त है। रिक्त पद की पूर्ति के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। रिक्त महिला पर्यवेक्षको के स्थान पर प्रभारी की भूमिका अन्य सेक्टर के पर्यवेक्षक को दी जाती है। विकासखंड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा में कुल 63 पद स्वीकृत हैं जिसमें 4 पद रिक्त हैं। कवर्धा परियोजना में 2 पर्यवेक्षक अतिशेष रूप से पदस्थ हैं एवं सहसपुर लोहारा में 1 पर्यवेक्षक द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

### गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु हेतु शासकीय कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं?: श्रीमती बोहरा

नवजात शिशुओं के पोषण व स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्न पूछा कि माह जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2025 तक प्रदेश में कितने नवजात शिशुओं की 1 वर्ष से कम की आयु में पर्याप्त पोषण ना मिलने से मृत्यु हुई है? गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु हेतु शासकीय कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? किन-किन योजनाओं में विगत 1 वर्षों में कितने लाभार्थी दर्ज हुए हैं? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि पर्याप्त पोषण ना मिलने से प्रदेश में किसी भी नवजात शिशु की मृत्यु प्रतिवेदित नही हुई है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं एवं शिशुवती महिलाओं के लिए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का संचालन किया जा रहा है और जिलेवार लाभार्थी महिलाओं एवं शिशुओं की जानकारी भी उपलब्ध कराया गया।

## भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कबीरधाम जिले की पहचान

# भोरमदेव महोत्सव को बेहतर व आकर्षक बनाने समितियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का आयोजन 26 व 27 मार्च को किया जाएगा। जिसमें ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव महोत्सव के भव्य आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा जिले के गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति जनप्रतिनिधि और मीडिया के साथियों की बैठक कलेक्ट्रोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर के नाम पर होने वाले ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव को इस बार और बेहतर तथा आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। भोरमदेव मंदिर की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्मारक मड़वा महल तथा छेरकी महल को भी आकर्षक ढंग से सजाने तथा इन दोनों से किसी एक स्थान पर मंच बनाकर स्थानीय कलाकारों को स्थान देने के लिए आवश्यक चर्चा भी की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कबीरधाम जिले की पहचान है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, आम जनता के सक्रिय सहयोग एवं भागीदारी से भोरमदेव महोत्सव का प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आम नागरिकों से भोरमदेव महोत्सव को सफल बनाने एकजुट होकर सक्रिय भागीदारी तय करने कहा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के जिला, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत चौरा के सरपंच, बोड़ला क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व मीडिया के साथियों ने आवश्यक सुझाव भी दिए।

### बैठक में जिले के नागरिकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव




ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल भोरमदेव मंदिर में महोत्सव का आयोजन 26 और 27 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव की ख्याति दिन-प्रतिदिन पूरे देश में बढ़ रही है। भोरमदेव महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान देने में आयोजन समिति एवं जिलेवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस परंपरा को बरकरार रखते हुए स्थानीय लोगों की पसंद के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पर्याप्त स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों तथा अन्य राज्यों से आए सभी कलाकारों के साथ समान महत्व तथा दोनों कलाकारों को कला प्रदर्शन के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने आवागमन को विशेष ध्यान में रखते हुए दुकान का आबंटन, तेरस की तिथि को बैगा आदिवासियों का कार्यक्रम, सड़कों में लाइट व्यवस्था, पार्किंग स्थल, सोशल मीडिया में इन्फुलेंसर द्वारा प्रमोट, वाईफाई फ्रीक्वेंसी बढ़ाने, बैठक सहित अन्य व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने सुझाव दिए।

# ग्रामीण बुनियादी सुविधा की समस्या से जूझ रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

जिला मुख्यालय के ग्राम पंचायत बरबसपुर की आश्रित ग्राम बीजाझोरी के रहवासियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बीजाझोरी में पक्की नाली व सड़क के अभाव में ग्रामीणों व राहगीरों को आवाजाही में दिक्कते व बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बीजाझोरी में कच्ची सड़क में जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे व सड़क जर्जर व बदहाल साथ ही साथ घरों का गंदा पानी सड़क के बीचों बीच बहने के कारण सड़क में जल भराव तथा कीचड़ से लथपथ होने के कारण आवागमन दुभर हो गया है। जिससे रहवासियों व सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है। ग्राम बीजाझोरी में बुनियादी सुविधाओं व विकास कार्यो के अभाव में ग्रामीणों की मुश्किले और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने इन सभी समस्याओं को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व शासन प्रशासन को कई बार शिकवा शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी के कारण ग्राम के रहवासियों को बुनियादी सुविधा का लाभ नही मिल पा रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से प्रधानमंत्री सड़क नव-निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को कच्ची व कीचड़ से लथपथ सड़क से निजात तथा बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ने सीएम, डिप्टी सीएम से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

बुधवार को कबीरधाम जिला पंचायत क्षेत्र क्र.04 से ऐतिहासिक जीत हासिल कर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वर महेंद्र धृतलहरे ने राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक से सौजन्य मुलाकात किया। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 04 से ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से शिष्टाचार भेंटकर आशीर्वाद ली एवं क्षेत्र की सर्वांगीण विकास कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे सहित 12 जिला पंचायत सदस्य

### गरीब मजदूर परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ से वंचित



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना राज्य के गरीब, मजदूर परिवार के लिए संचालित की गई। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना के लाभ से वंचित नजर आ रहें है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व मजदूर परिवार कच्ची मकान में घास-फूस व खरपतवार से झोपड़ी बनाकर रहने मजबूर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ऐसे कई गरीब मजदूर परिवार है जो कि शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना के लाभ से वंचित है। जिसकें कारण मजदूर परिवार की पक्का मकान का सपना साकार नहीं हो रहा है। विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के निवासी मनमोहन पिता नेमसिंग ने बताया कि सुबह से देर रात तक रोजी-रोटी के लिए रेजा कुली का कार्य कर गुजर-बसर कर रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों तथा जनप्रतिनिधियों से मांग कर जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति की मांग की गई ताकि गरीब मजदूर परिवार को कच्ची मकान व गर्मी तथा बरसात से निजात मिल सके। साथ ही साथ क्षेत्र के ग्राम दौजरी, घुकसा, जेवडन खुर्द, डबराभाट, राम्हेपुर कला, चंडालपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बरबसपुर, बीजाझोरी, नेवारी, जमुनिया, सारंगपुर खुर्द तथा मांझीमौहा के ग्रामीण गरीब मजदूर परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना की राह देख रही है।

### गर्मी का दिखने लगा तेवर...




**हरिभूमि कवर्धा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अभी से गर्मी का तेवर दिखने तथा पसीना छुड़ाने लगी है। गर्मी से राहत पाने के लिए अब लोग ठंड की तलाश में रहते हैं, ऐसे में आइसक्रीम, शर्बत, आइसक्रीम की बिक्री बढ़ गई है।

### अन्नदाता किसान आज अपने पैसे के लिए इधर-उधर भटक रहे : चंद्राकर

# किसान संघ ने विभिन्न मांग को लेकर सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ द्वारा जिले के विभिन्न समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख मांगे पंडरिया एवं भोरमदेव शक्कर कारखाना में सत्र 2024-25 में गन्ना किसानों की अविलंब मूल-भुगतान तत्काल किसानों के खाते में डाला जाए साथ ही साथ केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए धान की समर्थन मूल्य 117 रुपए किसानों के खाते में डाला जाए तथा गन्ना खेती-किसानी में अधिक खर्च आ रहा जैसे लेबर कॉस्ट, ट्रांसपोर्टिंग, खाद- बीज-पानी आदि को ध्यान में रखते हुए गन्ना किसान को 100 (बोनस) रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाए। सत्र 2022-23 के धान खरीदी भुगतान की चौथी किस्त की बकाया राशि किसानों के खाता में तत्काल डाला जाए, जिले में गन्ना फसल को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य के लिए 24 घंटा लाईन, गन्ना बोनस एवं रिकवरी राशि एक मुश्त में गन्ना किसानों को दिया जाए, जिले के सभी सोसायटी केन्द्रो में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था की मांग को लेकर समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा साथ ही साथ विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा सुभाष चंद्राकर ने बताया कि मार्च माह किसान अपना लोन केसीसी जमा व शादी ब्याह तथा चैत्र नवरात्रि पर्व के लिए घरेलू सामान की आवश्यकता होती है इन सभी के लिए भुगतान महत्वपूर्ण विषय है, अन्नदाता किसान आज अपने पैसे के लिए इधर-उधर भटक रहे है। जिस पर उन्होने जल्द से जल्द भुगतान की बात कहीं नही तो समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसका संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, विकासखंड कार्यकारिणी, तहसील कार्यकारिणी एवं क्षेत्र के ग्रामीण कृषक गण उपस्थित थें।

# नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ने विभिन्न ग्रामों का किया सघन दौरा

- नव-निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कुण्डा में मंगलवार को जिला पंचायत कबीरधाम क्षेत्र क्र. 03 से नव निर्वाचित सदस्य रामकुमार भट्ट ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा कर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। जिसमें श्री भट्ट ने ग्राम खैरा, तुलसी, विपतपुर, डोंगरिया, दुल्लीपार, गिरधारी-कापा एवं ग्राम माकरी के ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात किया।

जिस पर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशी एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत कर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर रामकुमार भट्ट ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र से दो बार जिला पंचायत सदस्य बनाकर जिला में प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया और में दोनों बार अध्यक्ष बनकर आप लोगो की सेवा करने का मौका मिला, इस बार फिर आप सभी के आशीर्वाद से जिला पंचायत में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आपके विश्वास पर खरा उतरने एवं क्षेत्र की विकास के प्रतिबद्ध हूँ। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा एवं बेमेतरा जिला प्रभारी दिनेश मिश्रा, सरपंच गोविंद वैष्णव, उपसरपंच श्रवण धृतलहरे, आलोक शर्मा, पंच रघुनंदन वैष्णव, रमा यादव, कलिदास, भरत यादव, हरि यादव, विश्राम यादव, रामकुमार साहू, कृष्णा बंजारे, मोहित, चैतराम साहू, देवकुमार, सुखचंद साहू, रिखीराम यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक उपनयन संस्कार की तैयारियां शुरू

**कवर्धा।** नवीन विप्र भवन कवर्धा में 18 मार्च को, 6 व 7 अप्रैल को सम्पन्न होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार (व्रतबंध) कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी के अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वप्रथम सभी सदस्यों को कार्य विभाजन कर जिम्मेदारी सौपी गई। रसीद की जिम्मेदारी आनंद मिश्रा, सचिव सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी, मंच संचालन व मंच व्यवस्था राजेश पाण्डेय प्रभारी, उमेश पाठक, अभिषेक पाण्डेय, विपिन शर्मा, भावेश मिश्रा, भोजन व्यवस्था संरक्षक वेदनारायण तिवारी, प्रभारी सिद्धू तिवारी, सहयोग प्रभाकर शुक्ला, बसंत शर्मा, कीर्तन शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, मधु तिवारी, आनंद मिश्रा, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय शर्मा, संतोष शुक्ला को सौंपी गई।

### किसानों के लिए ई-नाम प्लेटफॉर्म लॉन्च

**कवर्धा।** केन्द्र सरकार ने छोटे व सीमांत किसानों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) में भाग लेने व प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल को लागू किया गया है, जिससे बेहतर कीमतें प्राप्त हो सके। ई-नाम पोर्टल व मोबाइल एप (एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। माना जा रहा है कि इस सुविधा का लाभ लेकर किसान अपनी फसलो के दाम पूरे देश के बाजारों में पता कर सकते हैं और उन्हें जहां लाभ नजर आता है वहां वे अपनी फसल को अपनी सुविधा से बेंच सकते हैं।

**सेवा शिविर:** दिव्यांग सेवा शिविर के पहले दिन अनेक लोगों को मिला नव जीवन

# जैन समाज के सहयोग से 3 दिवसीय दिव्यांग शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज परिसर में बीजेएस द्वारा जैन समाज कवर्धा के सहयोग से दिव्यांग सेवा शिविर का शुभारंभ श्रीमती रितु बरडीया के कर कमलों से गुरूवार को किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत अतिथियों का स्वागत जैन समाज एवं बीजेएस के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के प्रदेश समन्वयक डॉ.अतुल जैन ने कहा कि शिविर की परिकल्पना को साकार होते हुए तथा निःशक्तजनों को प्राप्त खुशी को देखकर हमें लग रहा है कि हमारी मेहनत रंग लाई है। उन्होने शिविर की इस सफलता का श्रेय दिव्यांग जन, जैन समाज कवर्धा, जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों को दिया जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका सराहनीय है।

संभाग अध्यक्ष अमित बरडीया ने बताया कि कृत्रिम हाथ, पैर के अतिरिक्त श्रवण यंत्र, बैसाखी, कैलीपर्स, वाकर आदि भी उपलब्धता के आधार पर शिविर में आए जरूरतमंदों को प्रदान किए जाएंगे। गद्य एवं पद्य में उद्घोषक की भूमिका श्रीमती रश्मि बाफना ने निभाई। समाजसेवी अतुल देशलहरा ने बताया कि तीन दिन के शिविर में दिव्यांग एवं सहायक की आवास एवं भोजन की व्यवस्था इसी स्थल पर है किसी को, किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए संगठना से संपर्क किया जा सकता है। भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर के जीबी व्यास ने बताया कि पूरे भारत में हमारी 41 शाखाएं हैं। समिति द्वारा निर्मित उपकरण 48 राष्ट्रों में लगाए जा चुके हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत कवर्धा अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, वीरेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी आदि अतिथियों ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा कर आयोजकों को धन्यवाद दिया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्री श्रीमाल, समाजसेवी भंवरलाल लूनिया, इंजीनियर, एसएस जैन, स्थानकवासी जैन संघ मंत्री गेंदमल मोदी ने प्रदान किया।

### कृतिम अंग लगने के बाद किसी ने लगाई दौड़ तो किसी ने दौड़ाई बाईक



इस शिविर में उस समय लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा जब शिविर में आए एक पैरों से निःशक्त लाभार्थी को कृत्रिम पैर लागाने के बाद उसे कार्यक्रम में ही लोगों के सामने दौड़ कर बताया। इसी तरह एक निःशक्त जिसे हाथ लगाया गया था उसने बकायदा मोटर सायकल चलाकर कॉलेज मैदान के तीन राउंड लगाए। अपने आप में आए इस बदलाव को देख इस लाभार्थी की खुशियां देने लायक थी वह फूला नहीं समा रहा था। वहीं एक पोलीयो ग्रस्त बहन कैलीपर्स पहन सुगमता से चल कर दिखा रही थी।

### अतिथियों ने किया शिविर का अवलोकन व लाभार्थियों से की मुलाकात

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कृत्रिम अंग निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर दिव्यांग जनो को उन्हें प्राप्त खुशी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के औपचारिक आरंभ के पूर्व साध्वी वर्या पू॰ संघमित्रा मसा ठाणा 2 पी जी कॉलेज पधार कर मानव सेवा के उल्लेखनीय कार्य की अनुमोदना की तथा लाभार्थियों से व्यसन मुक्त होने का आव्हान किया।

# कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



- निर्माण कार्य में गति लाने के दिए गए संबंधितों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी के साथ 11 करोड़ रुपए की लागत ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बनने वाली सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। नई सरकार आने के बाद संयुक्त रूप से समृद्ध कवर्धा-सुव्यवस्थित कवर्धा के मॉडल पर शहर का विकास किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर ने बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य को प्राथमिकता देने, निर्माण कार्यों में कुशल श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और समय सीमा के भीतर सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां समस्या नहीं है, वहां तेजी से कार्य किया जाए, जबकि जहां दिक्कतें आ रही हैं, वहां एसडीएम और तहसीलदार तथा अधिकारी समन्वय कर समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य लगातार होते रहे रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जो स्थल पहले ही तैयार हो चुके हैं, वहां से निर्माण सामग्री को तुरंत हटाया जाए ताकि यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान पार्षद बिहारी राम धुर्वे, सुनील साहू, दीपक सिन्हा, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता रंजीत घाटगे, विद्युत विभाग के अधिकारी, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री के समक्ष रखी भोरमदेव मंदिर के विकास की मांग

### केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ने शीघ्र राशि स्वीकृत करने दिया आश्वासन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय भोरमदेव के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में सांसद संतोष पाण्डेय ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर के विकास और उसे भव्य-दिव्य स्वरूप देने हेतु राशि आवंटित करने का निवेदन कर पत्र सौंपा। सांसद संतोष पाण्डेय ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से भोरमदेव मंदिर के सर्वांगीण विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मंत्री को अवगत कराते हुए कहा कि कवर्धा से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर भोरमदेव मंदिर स्थित है। यह दुर्लभ बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सभी का आंखों का तारा हैं, इसे निहारने के लिए पूरे देश, विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। भारतीय कला का एक अज्ञात रत्न छत्तीसगढ़ का खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव छत्तीसगढ़ के कला तीर्थ के नाम से विख्यात, मैंकल पर्वत श्रृंखला के गोद में बसे 11 वीं सदी मे निर्मित भारतीय संस्कृति एवं कला की सम्मोहक छवि के साथ ही साथ धर्म, आध्यात्म, लौकिक जीवन के विविध पक्षों के साथ साथ वन्यजीव अभ्यारण, साल और बीजा के पेंडों की निर्मल छाया को संजोए हुए हैं। मंदिर परिसर में मां काली व हाथ में शिवलिंग रखे हुए हनुमान जी की अद्भुत प्रतिमा विराजित है। साथ ही यहां पुरातत्व विभाग का संग्रहालय स्थित है, जहां खुदाई में निकले हुए विभिन्न प्रकार की मूर्तियां व पुरातत्व अवशेष रखे हुए हैं। इसके अलावा मंदिर क्षेत्र में प्राचीन मड़वा महल व छेरकी महल भी स्थित है। उक्त पर्यटन स्थल पर सावन माह, महाशिवरात्रि व चैत्र कृष्ण तेरस के पर्व पर मंदिर परिसर पर अत्यधिक श्रद्धालु भगवान के दर्शन हेतु आते हैं। सावन माह मे बारिश के कारण श्रद्धालु को बरसते पानी के बीच ही दर्शन हेतु कतार मे लगना पड़ता है। देश एवं प्रदेश के लाखों भक्तों की आस्था अनुरूप भोरमदेव मंदिर में शेड निर्माण, मंदिर के रख-रखाव व विशेष मरम्मत कार्य सहित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, लैंडस्कैपिंग व श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न प्रकार के कार्यों की नितांत आवश्यकता है। सांसद पाण्डेय ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव मंदिर व मंदिर परिसर के विकास हेतु 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भोरमदेव मंदिर के विकास हेतु शीघ्र राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। सांसद पांडेय ने मंत्री को भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारने का निमंत्रण भी दिया। जिस पर मंत्री ने मंदिर दर्शन की इच्छा भी जताई। यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पहले सांसद पाण्डेय ने भोरमदेव को प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग भी कर चुके हैं। इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री को पत्र भी दिया था। साथ ही लोकसभा में भी मुद्दा उठाया था।

# गर्मी में बढ़ी बर्फ की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लगातार बढ़ते तापमान के बीच शीतल प्रदान करने वाली बर्फ की मांग बढ गई है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि, जैसे-जैसे पारा चढ़ेगा और विवाह के मुहुर्तो की तिथियां करीब आयेंगी वैसे-वैसे बर्फ की मांग और अधिक होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सभी बर्फ फैक्ट्रियों में सामान्य से डेढ़ गुना मांग होने के कारण फैक्ट्री मालिकों ने बर्फ उत्पादन की गति एवं क्षमता भी बढ़ा दी है। बर्फ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का मानना है कि, तेज धूप की तपिश के साथ ही बर्फ की मांग भी घटते बढ़ते रहती है।

यह मांग शादी के मुहुर्त पर सर्वाधिक निर्भर होती है। उन्होंने बताया कि इस समय वैवाहित मुहुर्त नहीं है इसलिए पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बर्फ की मांग कुछ कुछ कम है लेकिन गर्मी के लिहाज से बर्फ की अच्छी खपत हो रही है।

बर्फ उद्यमियों ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि कवर्धा परिक्षेत्र मछली का बहुत बड़ा उत्पादन केन्द्र नहीं है इसलिए महानगरों की तुलना में यहां बर्फ की मांग हमेशा कम बनी रहती है। फिलहाल चुस्की बेचने वाले, आइसक्रीम, कुल्फी वाले तथा गन्ना रस विक्रेता लगातार बर्फ की मांग कर रहे हैं।

बर्फ फैक्ट्री संचालकों को उम्मीद है कि अप्रैल माह के मध्य में वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ होने के साथ मांग बढ़ने लगेगी तथा इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा।

### जपं स. लोहारा का प्रतिनिधि मण्डल विस अध्यक्ष से मिला



**स.लोहारा।** जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के नव निर्वाचित प्रतिनिधि मंडल ने ठाकुर सुदेश सिंह की अगुवाई में रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों की चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा की जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल, हुकुम सिंह आदि शामिल थे।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में किड्स कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में गत 18 मार्च से 20 मार्च 2025 तक त्रिदिवसीय किड्स कैंप का आयोजन किया गया था। 20 मार्च 2025 को किड्स कैम्प के अंतिम दिवस धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण शाला के प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चे व पालकगण उपस्थित थे। इस किड्स कैम्प में बच्चों के उम्र के हिसाब से तीन समूह मिकी 3 से 4 वर्ष, डोनाल्ड 4 से 5 वर्ष, गुफी 5 से 6 वर्ष ग्रुप में विभाजित किया गया था। नन्हें मुन्ने बच्चों को गेम्स, बाल एक्टीविटी, स्नेक और लेडर, डॉस, स्मार्ट क्लास, आर्ट एक्टविटी, स्वीमिंग आदि विविध क्रियाकलापों का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इन नन्हें मुन्ने बच्चों का क्रियाकलाप प्रशंसनीय व सराहनीय रहा। सभी उपस्थित पालकों ने सृजनात्मक पहल की प्रशंसा की। इस किड्स कैंप में मिकी ग्रुप से बेस्ट एक्टिव




चाइल्ड केशव दास, अश्विन, डोनाल्ड से आरूष चंद्रवंशी, अधिश्री ठाकुर, गुफी से सिद्धार्थ चंद्रवंशी, हर्षिता मिश्रा, मिकी ग्रुप से बेस्ट किएटीव चाइल्ड सुनियोजित तिवारी, अनविका नाहटा डोनाल्ड से सात्विक जायसवाल, सिदरा फातिमा, गुफी से अक्षत प्रशांत फाणनवीश, मुग्धा चंद्रवंशी मिकी ग्रुप से बेस्ट नीट एण्ड टीडी ड्रेस मितांश चंद्रवंशी, वंशिका डोनाल्ड से मृदूल सोनवानी, अंशिका केसरवानी, गुफी से शौर्य ठाकुर, मानवी सोनवानी, मिकी ग्रुप से ऑल राउण्डर हृदयांश बुसारी, आराध्या शर्मा, डोनाल्ड से अथर्व राजपूत, युक्ति साहू, गुफी से मेहरांश बग्गा, काशवीन कौर सलूजा, मिकी ग्रुप से बेस्ट डांस परफार्मेन्स हिरयांश कोचर, सेजल पाली, डोनाल्ड से आदित्य साहू, अनाया फातिमा, गुफी से आदविक गुप्ता, कनक निषाद रहे। इन विजयी नन्हे मुन्ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा सराहनीय प्रहल व नन्हें मुन्ने बच्चों के क्रियाकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण शाला के प्रभारी प्राचार्य ने विद्यालयीन परिवार को किड्स कैंप की सफलता पूर्वक आयोजन की हार्दिक बधाइयों व शुभकामनाएं दी।

# हेमचंद विवि के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इस संबंध में दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जारी किए गए परीक्षा परिणामों में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 का परिणाम ओवरऑल 88.14 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार बीएससी गृह विज्ञान प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 का परिणाम ओवरऑल 80.77 प्रतिशत रहा है।

**क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान निर्धारण कर एरियर्स देने की मांग रखी**

# टीचर्स एसोसिएशन ने सीईओ व डीईओ को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर जिले के शिक्षक एलबी संवर्ग को दस वर्ष की सेवा में प्रथम व बीस वर्ष की सेवा में द्वितीय क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान प्रदान कर एरियर्स देने की मांग किया। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर ने ज्ञापन स्वीकार किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि एक ही पद पर दस वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं होने पर पदोन्नति नहीं मिलने के बावजूद क्रमोन्नति वेतनमान स्वीकृत नहीं किए जाने




के कारण श्रीमती सोना साहू द्वारा प्रस्तुत याचिका में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने याचिका स्वीकृत करते हुए उन्हें दस वर्ष एवं बीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान देने का निर्णय 28 फरवरी 2024 को दिया है। इसी प्रकरण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दायर एलपीसी को भी माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी विगत 17 मार्च को खारिज कर दिया है। इस संबंध में जिले के सैकड़ो शिक्षक एलबी संवर्ग ने क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान की मांग को लेकर जिला व जनपद पंचायत तथा डीईओ व बीईओ कार्यालय में विगत सितंबर-2024 में आवेदन दिया है, लेकिन पांच माह बाद भी आवेदन पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। इसी तारतम्य में ज्ञापन सौंपा गया। चर्चा के दौरान जिला सीईओ ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति के गठन पश्चात आयोजित बैठके में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के मुद्दे का अनुमोदन कराकर शिक्षकों को इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वन परिक्षेत्र रेंगाखार में अवैध परिवहन करते 4 नग साल चौखट एवं मोटर सायकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन परिक्षेत्र रेंगाखार अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 135 एवं 136 परिसर नगवाही में अवैध रूप से साल चौखट 04 नग 0.084 घन मीटर तथा 01 नग दो पहिया वाहन ग्लैमर क्रमांक एमपी 50 जेड बी 4766 जप्त कर सुपुर्द में लिया गया।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा वनमंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 17 मार्च को परिक्षेत्र सहायक शोभाराम यादव, चिरंजीव रगरा, वनरक्षक आरके अमृत वनरक्षक की समिति गठित कर रेंगाखार परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 135 एवं 136 परिसर नगवाही में परिसर रक्षक निवास के समीप अवैध रूप



से परिवहन करते हुए साल चौखट 04 नग 0.084 धन मीटर तथा 01 नग दो पहिया वाहन ग्लैमर क्रमांक एमपी 50 जेड बी 4766 जप्त कर सुपुर्द में लिया गया।

परिसर रक्षक अड़वार के द्वारा आरोपी वाहन चालक चन्द्र प्रकाश पिता मनीष यादव जाति यादव, ग्राम नगवाही थाना तहसील रेंगाखार, जिला कबीरधाम के विरूद्ध छ.ग. अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 धारा 22, भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20776/03 दिनांक 17.03.2025 पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गयी।